# उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग

# सामान्य अध्ययन

## VOLUME-4

# भूगोल

एवं

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## अध्यायवार सॉल्व्ड पेपर्स

**प्रधान सम्पादक**

आनन्द कुमार महाजन

**सम्पादन एवं संकलन**

यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स PCS परीक्षा विशेषज्ञ समिति

**कम्प्यूटर ग्राफिक्स**

बालकृष्ण, चरन सिंह

**सम्पादकीय कार्यालय**

यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स

12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002

**मो. : 9415650134**

**Email : yctap12@gmail.com**

**website : www.yctbooks.com**

**प्रकाशन घोषणा**

प्रधान सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने ओम साई ऑफसेट, प्रयागराज से मुद्रित करवाकर, यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स, 12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002 के लिए प्रकाशित किया।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव एवं सहयोग सादर अपेक्षित है।

**मूल्य : 395/-**

**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

# विषय-सूची

## भूगोल

### भारत का भूगोल


■ **सामान्य परिचय (General Introduction) ....7-16**
A भारत की भौगोलिक अवस्थिति .... 9
B कर्क रेखा एवं मानक समय ....10
C राज्य एवं संघ शासित प्रदेश ....12
D सीमावर्ती देश ....14
E अन्य तथ्य ....16
■ **पर्वतीय, पठारी एवं मैदानी क्षेत्र (Mountain, Plateau and Plain Area) ....17-23**
A पर्वतीय एवं पहाड़ी क्षेत्र ....17
B पठारी एवं मैदानी क्षेत्र ....23
■ **अपवाह तंत्र (Drainage System) ....24-37**
A सिंधु नदी ....24
B ब्रह्मपुत्र नदी ....25
C गंगा नदी ....26
D यमुना नदी ....28
E नर्मदा नदी ....28
F तापी/ताप्ती नदी ....30
G गोदावरी नदी ....30
H कृष्णा नदी ....31
I कावेरी नदी ....32
J दामोदर नदी ....32
K महानदी ....32
L अन्य नदियाँ ....33
■ **तटीय भाग एवं द्वीप समूह (Coastal Part and the Islands) ....38-40**
A तटीय भाग ....38
B द्वीप समूह ....39
C अन्य तथ्य ....40
■ **प्रमुख घाटियाँ, जलप्रपात एवं झीलें (Major Valleys, Waterfalls and Lakes) ....41-48**
A प्रमुख घाटियाँ ....41
B जल प्रपात ....41
C झीलें ....43
D अन्य तथ्य ....47
■ **भारत के प्रमुख दर्रे (Major Passes of India) ....49-51**
■ **मानसून एवं वर्षा (Monsoon and Rainfall) ....52-54**
A पश्चिमी विक्षोभ ....52
B दक्षिणी-पश्चिम मानसून ....52
C उत्तरी-पूर्वी मानसून ....54
■ **वन (Forest) ....55-59**
A वनावरण ....55
B वृक्षावरण ....57
C मैंग्रोव ....58

■ **प्राकृतिक आपदायें (Natural Disasters)** ........................................ **60-61**
■ **चट्टान या शैल एवं मृदा (Rock and Soil)** ........................................ **62-67**
A धारवाड़ शैल ........................................ 62
B गोण्डवाना शैल ........................................ 63
C जलोढ़ मृदा ........................................ 64
D काली मृदा ........................................ 64
E लाल एवं पीली मृदा ........................................ 65
F लैटेराइट मृदा ........................................ 65
G अन्य तथ्य ........................................ 65
■ **सिंचाई एवं नदी घाटी परियोजनाएँ (Irrigation and River Valley Projects)** ........................................ **68-77**
■ **खनिज संसाधन (Mineral Resources)** ........................................ **78-92**
A कोयला ........................................ 78
B लौह अयस्क ........................................ 82
C ताँबा ........................................ 84
D बॉक्साइट ........................................ 84
E अभ्रक ........................................ 84
F सीसा एवं जस्ता ........................................ 85
G मैंगनीज ........................................ 85
H अन्य खनिज ........................................ 85
■ **ऊर्जा संसाधन (Energy Resources)** ........................................ **93-102**
A पेट्रोलियम ........................................ 93
B परमाणु ........................................ 96
C जल विद्युत ........................................ 98
D ताप विद्युत ........................................ 99
E पवन ऊर्जा ........................................ 100
F सौर ऊर्जा ........................................ 100
G अन्य तथ्य ........................................ 100
■ **उद्योग एवं व्यापार (Industries and Trade)** ........................................ **103-111**
A लौह इस्पात उद्योग ........................................ 103
B एल्युमीनियम उद्योग ........................................ 104
C कृषि आधारित उद्योग ........................................ 105
D औद्योगिक प्रदेश ........................................ 106
E अन्य उद्योग ........................................ 107
■ **परिवहन (Transportation)** ........................................ **112-118**
A सड़क परिवहन ........................................ 112
B रेल परिवहन ........................................ 113
C जल परिवहन एवं बन्दरगाह ........................................ 114
D आन्तरिक जल परिवहन ........................................ 118
■ **मानव प्रजातियाँ (Human Races)** ........................................ **119-126**
■ **प्रमुख अनुसंधान केन्द्र (Major Research Institutes)** ........................................ **127-129**
■ **विविध (Miscellaneous)** ........................................ **130-137**

# विश्व का भूगोल


■ **ब्रह्माण्ड एवं सौरमण्डल (The Universe and Solar System)........138-145**
A सौरमण्डल........138
B ग्रह एवं उपग्रह........141
C अन्य तथ्य........145
■ **अक्षांश एवं देशांतर रेखाएं (The Latitude & Longitude Lines)........146-150**
A अक्षांश रेखा........146
B देशान्तर एवं मानक समय........147
C विषुवत रेखा........149
■ **विश्व के देश, राजधानी एवं सीमाएँ (The countries of the world, Capital & Boundaries)........151-162**
A महाद्वीप........151
B देश एवं राजधानी........152
C नगर एवं शहर........160
D सीमायें........161
■ **विश्व के प्रमुख नगर एवं भौगोलिक उपनाम (Major Cities of the World & Geographical Surnames)........163-164**
■ **भूगर्भिक इतिहास एवं शैलतंत्र (Geological History & Rock System)........165-166**
■ **पर्वत, पठार एवं मरुस्थल........167-172**
A पर्वत........167
B पठार........170
C मरुस्थल........171
■ **ज्वालामुखी एवं भूकम्प (The Volcano & Earthquakes)........173-175**
A ज्वालामुखी........173
B भूकम्प........175
■ **अपवाह तंत्र एवं नदियों के किनारे स्थित नगर (The Drainage System and The Riverside Cities)........176-182**
A एशिया........176
B यूरोप........178
C अफ्रीका........180
D उत्तरी एवं दक्षिणी अमेरिका........181
E आस्ट्रेलिया........182
F बाँध........182
■ **महासागर एवं सागर, प्रवाल भित्ति (The Ocean & Sea, Coral Reef)........183-185**
A महासागर........183
B सागर........183
C प्रवाल मित्ति........185
■ **महासागरीय जलधारायें (Oceanic Water Currents)........186-188**
A गर्म जलधारायें........186
B ठण्डी जलधारायें........187
C अन्य तथ्य........187
■ **महासागरीय गर्त एवं जलसन्धियाँ........189-191**
A महासागरीय गर्त........188
B जलसन्धियाँ........190
■ **खाड़ी एवं द्वीप समूह (The gulf & Island)........192-196**
A खाड़ी........192
B द्वीप समूह........193
■ **झीलें एवं जल प्रपात (The Lakes & Waterfalls)........197-200**
A झीलें........197
B जल प्रपात........200
■ **विश्व की प्रमुख घाटियाँ एवं स्थलरूप........201-201**

- **वायुमण्डल का संघटन (Composition of the Atmosphere)....202-203**
- **वायुदाब, आर्द्रता एवं पवन संचार (Airpressure, Humidity & Wind Blow)....204-206**
  - A वायुदाब....204
  - B आर्द्रता....204
  - C पवन संचार....205
- **चक्रवात (The Cyclone)....207-208**
- **जलवायु एवं घास मैदान (The Climate and Grasslands)....209-213**
  - A जलवायु....209
  - B घास के मैदान....212
- **वन एवं मृदा (The Forest and Soil)....214-217**
  - A वन....214
  - B मृदा....216
- **खनिज संसाधन (The Mineral Resources)....218-225**
  - A लौह अयस्क....218
  - B ताँबा....220
  - C कोयला....221
  - D अन्य खनिज....222
- **ऊर्जा संसाधन (The Energy Resources)....226-227**
- **औद्योगिक क्षेत्र (The Industrial Zone)....228-231**
- **मानव प्रजातियाँ (Human Races)....232-236**
- **परिवहन (Transportation)....237-239**
  - A रेल परिवहन....237
  - B बन्दरगाह....237
- **कृषि एवं पशुपालन (Agriculture and Animal Husbandry)....240-245**
- **विविध (Miscellaneous)....246-250**


## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी


- **पर्यावरण : एक परिचय (Environment : An Introduction)....251-251**
- **जैव मण्डल एवं बायोम (Biosphere and Biome)....252-254**
- **पारिस्थतिकी एवं पारिस्थितिकी तंत्र (Ecology & Eco-system)....255-259**
- **पारिस्थितिकी तंत्र के प्रकार एवं पदार्थों का संचरण (Types of Ecosystem and Transmission of Materials)....260-263**
- **पर्यावरण प्रदूषण (Environmental Pollution)....264-270**
- **जैव-विविधता एवं उसका संरक्षण (Bio-diversity and its Conservation)....271-275**
- **ग्रीन हाउस गैसें एवं उनका प्रभाव (Green House Gases and their Effect)....276-279**
- **जलवायु परिवर्तन एवं उससे सम्बन्धित संगठन एवं सम्मेलन (Climatic Change with Organisation and Conferences related to it)....280-282**
- **ओज़ोन क्षरण एवं नियंत्रण हेतु अंतर्राष्ट्रीय प्रयास (Ozone Depletion and International attempts related to it)....283-285**
- **वन, वन्य जीव एवं इसका संरक्षण (Conservation of Forests and its Animals)....286-292**
- **अभ्यारण्य एवं जैव मण्डल रिजर्व (Sanctuaries and Bioreserves)....293-304**
- **ऊर्जा संसाधन (Energy Sources)....305-307**
- **पर्यावरण संरक्षण से सम्बन्धित विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (Various National and International conferences related to conservation of Environment)....308-311**
- **जल संरक्षण (Water Conservation)....312-313**
- **विविध (Miscellaneous)....314-322**

# प्रश्न-पत्रों का विश्लेषण

## उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की पूर्व परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न-पत्रों का विश्लेषण चार्ट

| क्र. | परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष | कुल परीक्षा प्रश्न |
|---|---|---|
| | **उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग** | |
| **A.** | **U.P. P.C.S. (Pre)** | |
| | वर्ष 1991-1997 | 8 × 120 = 960 |
| | वर्ष 1998-**2022** | 25 × 150 = 3750 |
| | वर्ष 2004 Spl., 2008 Spl., 2015 पुनर्परीक्षा | 3 × 150 = 450 |
| **B.** | **U.P. P.C.S. (Mains)** | |
| | वर्ष 2002-2016 (2002, 2003 में 1-1 प्रश्न-पत्र तथा 2004-2017 में 2-2 प्रश्न-पत्र) | 30 × 150 = 4500 |
| | वर्ष 2004 Spl., 2008 Spl. (प्रत्येक के दो प्रश्न-पत्र) | 4 × 150 = 600 |
| **C.** | **U.P. UDA/LDA/RO/ARO (Pre & Mains) Exam.** | |
| | U.P. UDA/LDA (Pre) 2001 | 1 × 150 = 150 |
| | U.P. UDA/LDA (Pre) 2006 | 1 × 100 = 100 |
| | U.P. RO/ARO (Pre) 2010 | 1 × 120 = 120 |
| | U.P. RO/ARO (Pre) 2010 Spl. | 1 × 140 = 140 |
| | U.P. RO/ARO (Pre) 2013 | 1 × 140 = 140 |
| | U.P. RO/ARO (Pre) 2014 | 1 × 140 = 140 |
| | U.P. RO/ARO (Pre) 2016 (निरस्त) | 1 × 140 = 140 |
| | U.P. RO/ARO (Pre) 2017 | 1 × 140 = 140 |
| | U.P. RO/ARO (Pre) Re-exam 2016 | 1 × 140 = 140 |
| | U.P. RO/ARO (Pre) 2021 | 1 × 140 = 140 |
| | U.P. RO/ARO (Mains) 2010 | 1 × 120 = 120 |
| | U.P. RO/ARO (Mains) 2010 Spl. | 1 × 120 = 120 |
| | U.P. RO/ARO (Mains) 2013 | 1 × 120 = 120 |
| | U.P. RO/ARO (Mains) 2014 | 1 × 120 = 120 |
| | U.P. RO/ARO (Mains) 2017 | 1 × 120 = 120 |
| | U.P. RO/ARO (Mains) 2016 (2020) | 1 × 120 = 120 |
| | U.P. RO/ARO (Mains) 2021 | 1 × 120 = 120 |

| | | |
|---|---|---|
| **D.** | **U.P. Lower Subordinate (Pre & Mains) Exam.** | |
| | U.P. Lower Subordinate (Pre) 1998 | 1 × 100 = 100 |
| | U.P. Lower Subordinate (Pre) 2002 | 1 × 100 = 100 |
| | U.P. Lower Subordinate (Pre) 2002 Spl. | 1 × 100 = 100 |
| | U.P. Lower Subordinate (Pre) 2003 | 1 × 100 = 100 |
| | U.P. Lower Subordinate (Pre) 2004 | 1 × 100 = 100 |
| | U.P. Lower Subordinate (Pre) 2004 Spl. | 1 × 100 = 100 |
| | U.P. Lower Subordinate (Pre) 2008 | 1 × 100 = 100 |
| | U.P. Lower Subordinate (Pre) 2009 | 1 × 100 = 100 |
| | U.P. Lower Subordinate (Pre) 2013 | 1 × 150 = 150 |
| | U.P. Lower Subordinate (Pre) 2015 | 1 × 150 = 150 |
| | U.P. Lower Subordinate (Mains) 2013 | 1 × 120 = 120 |
| | U.P. Lower Subordinate (Mains) 2015 | 1 × 120 = 120 |
| **E.** | **U.P.P.S.C. राजस्व निरीक्षक (प्री.) परीक्षा 2014** | 1 × 100 = 100 |
| **F.** | **U.P.P.S.C. वन संरक्षक अधिकारी परीक्षा** | |
| | उत्तर प्रदेश वन संरक्षक परीक्षा 2013 | 3 × 150 = 450 |
| | उत्तर प्रदेश वन संरक्षक परीक्षा 2015 | 3 × 150 = 450 |
| | उत्तर प्रदेश वन संरक्षक परीक्षा 2017 | 3 × 150 = 450 |
| | उत्तर प्रदेश वन संरक्षक परीक्षा 2018, 2019, 2020, 2021 | 8 × 150 = 1200 |
| **G.** | **U.P. PSC खाद्य सुरक्षा अधिनियम परीक्षा, 2013** | 1 × 75 = 75 |
| **H.** | **U.P. PSC खाद्य एवं सफाई निरीक्षक परीक्षा, 2013** | 1 × 50 = 50 |
| | U.P.P.S.C. स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी परीक्षा, 2006 | 1 × 150 = 150 |
| | U.P.P.S.C. कर निरीक्षक अधिकारी परीक्षा, 2003<br>U.P.P.S.C. कर निरीक्षक अधिकारी परीक्षा, 1997 | 1 × 150 = 150<br>1 × 100 = 100 |
| | U.P.P.S.C. सहायक अभियंता परीक्षा, 2004, 2007, 2007(II), 2008, 2011, 2013<br>U.P.P.S.C. सहायक अभियंता परीक्षा, 2019, 2021 | 6 × 100 = 600<br>2 × 25 = 50 |
| | U.P.P.S.C. खण्ड शिक्षा अधिकारी (BEO) परीक्षा, 2019 | 1 × 120 = 120 |
| | UPPSC BEO Re-Exam, 2006 PART-I (Exam Date : 04.07.2009) | 1 × 100 = 100 |
| | UPPSC BEO Re-Exam, 2006 PART-II (Exam Date : 04.07.2009) | 1 × 100 = 100 |
| | UPPSC SDI Exam 2006 PART-I (Exam Date : 27.07.2008) | 1 × 100 = 100 |
| | UPPSC SDI Exam 2006 PART-II (Exam Date : 27.07.2008) | 1 × 100 = 100 |
| | UPPSC SDI Exam 2003 (Exam Date : 15.11.2005) | 1 × 75 = 75 |
| | UPPSC यूनानी स्वास्थ्य अधिकारी परीक्षा, 2016 (Exam Date : 22.01.2020)<br>UPPSC यूनानी स्वास्थ्य अधिकारी परीक्षा, 2018 (Exam Date : 25.07.2021) | 1 × 30 = 30<br>1 × 30 = 30 |
| | UPPSC GDC प्रवक्ता परीक्षा, 2020 (15-03-2022) | 1 × 40 = 40 |
| | UPPSC GDC प्रवक्ता परीक्षा, 2017 (3-11-2019) | 1 × 30 = 30 |
| | UPPSC GDC प्रवक्ता परीक्षा, 2013 (27-12-2014) | 1 × 30 = 30 |

| | | |
|---|---|---|
| | UPPSC सहायक सांख्यिकी अधिकारी परीक्षा, 2014 (11-11-2018) | 1 × 30 = 30 |
| | UPPSC ADO परीक्षा, 2014 | 1 × 30 = 30 |
| | UPPSC मेडिकल ऑफिसर परीक्षा, 2021 (31.07.2022) | 1 × 30 = 30 |
| | UPPSC मेडिकल ऑफिसर परीक्षा, 2018 (30-09-2018) | 1 × 30 = 30 |
| | UPPSC डायट (DIET) प्रवक्ता परीक्षा, 2014 (15-03-2015) | 1 × 30 = 30 |
| | UPPSC GIC प्रवक्ता परीक्षा, 2021 (19-09-2021) | 1 × 40 = 40 |
| | UPPSC GIC प्रवक्ता परीक्षा, 2017 (23-09-2018) | 1 × 30 = 30 |
| | UPPSC GIC एल.टी.ग्रेड भर्ती परीक्षा, 2018 (29-07-2018) | 1 × 30 = 30 |
| | UPPSC GIC प्रवक्ता परीक्षा (शि.वि.), 2015 (25-09-2016) | 1 × 30 = 30 |
| | UPPSC GIC प्रवक्ता परीक्षा, 2015 (15-09-2015) | 1 × 30 = 30 |
| | UPPSC पॉलिटेक्निक लेक्चरर परीक्षा, 2020 (22-03-2022) | 1 × 25 = 25 |
| | UPPSC पॉलिटेक्निक लेक्चरर परीक्षा, 2020 (12-12-2021) | 1 × 25 = 25 |
| | UPPSC आश्रम पद्धति प्रवक्ता परीक्षा, 2021 (26-09-2021) | 1 × 40 = 40 |
| | UPPSC आश्रम पद्धति प्रवक्ता परीक्षा, 2015 (04-10-2015) | 1 × 30 = 30 |
| | UPPSC GIC प्रवक्ता परीक्षा, 2012 (14-06-2015) | 1 × 30 = 30 |
| | UPPSC आश्रम पद्धति प्रवक्ता परीक्षा, 2012 (02-06-2015) | 1 × 30 = 30 |
| | UPPSC GIC प्रवक्ता परीक्षा, 2009 (22-05-2015) | 1 × 30 = 30 |
| | UPPSC आश्रम पद्धति प्रवक्ता परीक्षा, 2009 (12-05-2015) | 1 × 30 = 30 |
| | UPPSC राज्य कृषि सेवा परीक्षा, 2020 (01-08-2021) | 1 × 40 = 40 |
| | UPPSC स्टॉफ नर्स परीक्षा, 2017, 2021 (03-10-2021), 2022 (10.04.2022) | 3 × 30 = 90 |
| | UPPSC विधिक्षण अधिकारी परीक्षा, 2020 | 1 × 40 = 40 |
| | UPPSC APS परीक्षा, 2007, 2013 | 2 × 100 = 200 |
| | UPPSC पशु चिकित्सा अधिकारी परीक्षा, 2020 (15.05.2022) | 1 × 30 = 30 |
| | UPPSC सहायक रेडियो अधिकारी परीक्षा, 2018 (28.08.2022) | 1 × 30 = 30 |
| | UPPSC कम्प्यूटर सहायक परीक्षा, 2019 (23.08.2020) | 1 × 25 = 25 |
| | UPPSC सहायक प्रबंधक (गैर तकनीकी) परीक्षा, 2016 (22.11.2020) | 1 × 100 = 100 |
| | **वैकल्पिक विषय (Optional Subject) के सामान्य अध्ययन सम्बन्धी महत्वपूर्ण वस्तुनिष्ठ प्रश्न** | |
| | उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (इतिहास, राजनीति विज्ञान, भूगोल एवं अन्य) (प्री) परीक्षा 1990-2011 | 96×120 = 11520 |
| | **कुल प्रश्न-पत्र = 264** | **30907** |

**नोट-** उपरोक्त प्रश्न-पत्रों के सम्यक विश्लेषण के उपरान्त यथा संभव समान प्रकृति एवं प्रवृत्ति से बचते हुए **भूगोल (भारत का भूगोल, विश्व का भूगोल) एवं पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी** से सम्बन्धित कुल **4286** प्रश्नों को अध्यायवार प्रस्तुत किया गया है। दुहराव वाले प्रश्नों का परीक्षा वर्ष एवं परीक्षा नाम यथास्थान निर्दिष्ट कर दिया गया है ताकि प्रश्न पूछने की तकनीकि का प्रतियोगियों को लाभ मिल सके।

# 01.

# सामान्य परिचय
# (GENERAL INTRODUCTION)

## A. भारत की भौगोलिक अवस्थिति

**1. भारत अवस्थित (Located) है-**

(a) अक्षांश $8^0$4' द. से $37^0$6' उ. तथा देशांतर $68^0$7' प. से $97^0$25' पू. के मध्य
(b) अक्षांश $8^0$4' उ. से $37^0$6' द. तथा देशांतर $68^0$7' पू. से $97^0$25' प. के मध्य
(c) अक्षांश $8^0$4' उ. से $37^0$6' उ. तथा देशांतर $68^0$7' पू. से $97^0$25' पू. के मध्य
(d) अक्षांश $8^0$4' द. से $37^0$6' द. तथा देशांतर $68^0$7' प. से $97^0$25' प. के मध्य

**उत्तर-(c)** **UPPCS (Pre) Opt. 1999**

**व्याख्या :** भारत की आकृति चतुष्कोणीय है। यह विषुवतरेखा के उत्तर में 8º4' से 37º6' उत्तरी अक्षांशों तथा 68º7' से 97º25' पूर्वी देशांतरों के मध्य उत्तरी-पूर्वी गोलार्द्ध में स्थित है। कर्क रेखा 23º30' उत्तरी (N) देश के लगभग मध्य से गुजरती है। देश का उत्तर-दक्षिण विस्तार 3,214 किमी. तथा पूर्व-पश्चिम विस्तार 2,933 किमी. है। इसकी स्थलीय सीमा 15200 किमी. तथा कुल तटीय सीमा 7516.6 किमी. लम्बी है। इसका क्षेत्रफल 3287263 वर्ग किमी. है। क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत विश्व में सातवें स्थान पर है तथा जनसंख्या में चीन के बाद विश्व में दूसरे स्थान पर है।

**2. भारत की अवस्थिति पाई जाती है–**

(a) उत्तरी-गोलार्द्ध में (b) उत्तरी-पूर्वी गोलार्द्ध में
(c) दक्षिणी गोलार्द्ध में (d) दक्षिणी-पूर्वी गोलार्द्ध में

**UPPCS Tax Inspector -2003**

**Ans. (b)** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**3. किस राज्य में औसत समुद्र तल के संदर्भ में न्यूनतम ऊँचाई वाला बिन्दु स्थित है?**

(a) केरल (b) पश्चिम बंगाल
(c) गुजरात (d) महाराष्ट्र

**UPPSC AE G.S.-2007**

**Ans. (a) :** केरल का कुट्टानाड भारत का न्यूनतम ऊँचाई वाला क्षेत्र है। यह क्षेत्र समुद्रतल से नीचे अपने खेती के तरीकों के लिए प्रसिद्ध है। इस क्षेत्र को केरल का 'धान का कटोरा' कहा जाता है।

**4. केरल का कुट्टानाड (या कुट्टनाडु) प्रसिद्ध है–**

(a) मीठे पानी की झील के लिए
(b) भारत का न्यूनतम ऊँचाई वाला क्षेत्र
(c) एक प्रवालद्वीप के लिए
(d) भारत के सबसे पश्चिम में स्थित बिन्दु के लिए

**उत्तर-(b)** **UPPCS (Mains) Ist Paper GS, 2015**

**व्याख्या :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**5. निम्न स्थानों में से किसे सूर्य की अनुलम्बित किरणें कभी नहीं प्राप्त होंगी?**

(a) मुम्बई को (b) चेन्नई को
(c) श्रीनगर को (d) तिरुवनंतपुरम को

**UPPSC AE G.S.-2008**

**Ans. (c) :** $23\frac{1}{2}^0$ उत्तरी अक्षांश अर्थात कर्क रेखा तथा $23\frac{1}{2}^0$ दक्षिणी अक्षांश अर्थात् मकर रेखा के मध्य सूर्य की सीधी किरणे प्राप्त होती हैं। अतः विकल्प में दिए गए श्रीनगर को सूर्य की अनुलम्बित किरणें कभी भी प्राप्त नहीं होगी।

**6. भारत में कन्याकुमारी की अवस्थिति है**

(a) भूमध्य रेखा के दक्षिण में (b) कर्क रेखा के उत्तर में
(c) मकर रेखा के दक्षिण में (d) भूमध्य रेखा के उत्तर में

**UPPSC Ashram Paddit 2009**
**UPPSC GIC-2012**

**Ans : (d)** भारत में कन्याकुमारी की अवस्थिति भूमध्य रेखा से उत्तर में है तमिलनाडु राज्य में अवस्थित कन्याकुमारी भारत की मुख्य भूमि का दक्षिणतम बिन्दु है।

**7. भारत की मुख्य भूमि का दक्षिणतम बिन्दु (TIP) क्या है?**

(a) इन्दिरा प्वॉइन्ट (b) तूतीकोरिन
(c) कन्याकुमारी (d) तिरुवनन्तपुरम

**UPPSC APS 2010**

**Ans. (c) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**8. नाइन डिग्री चैनल अविस्थत है-**

(a) कवरत्ती तथा मिनीकाय के बीच
(b) अमीनदीवी तथा कवरत्ती के बीच
(c) कारनिकोबार तथा ग्रेट निकोबार के बीच
(d) अंडमान तथा निकोबार द्वीपों के बीच

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या :** नाइन डिग्री चैनल मिनीकाय एवं कवरत्ती के बीच स्थित है। प्रमुख चैनलों की स्थिति इस प्रकार है-

| | |
|---|---|
| लघु अंडमान और कार निकोबार | - $10^0$ चैनल |
| मिनीकाय –लक्षद्वीप | - $9^0$ चैनल |
| मालद्वीव-मिनीकाय | - $8^0$ चैनल |
| भारत-श्रीलंका | - मन्नार की खाड़ी |

**9. निम्नलिखित द्वीपों के युग्मों में से कौन-सा एक 'दस अंश जलमार्ग' (Ten Degree Channel) द्वारा आपस में पृथक् किया जाता है?**

(a) अंडमान एवं निकोबार (b) निकोबार एवं सुमात्रा
(c) मालद्वीव एवं लक्षद्वीप (d) सुमात्रा एवं जावा

**उत्तर-(a)** **UPPSC(Pre) G.S. 2003, 2005**
**UPPSC UDA/LDA (M.) G.S. 2010**

**व्याख्या :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**10. निम्नलिखित में से कौन-सा अण्डमान को निकोबार से पृथक करता है?**

(a) $11^o$ चैनेल (b) मन्नार की खाड़ी
(c) $10^o$ चैनेल (d) अण्डमान सागर

**UP PSC ACF/RFO (Mains) 2020 Paper I**

**Ans. (c) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**11. मालद्वीव के साथ भारत की समुद्री सीमा निम्नलिखित में कौन बनाता है?**

(a) ग्रेट चैनल (b) कोको चैनल
(c) $8^0$ चैनल (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**UPPSC AE G.S.- 2013**

**Ans. (c) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**12. भारत का सुदूरस्थ दक्षिणी बिन्दु है -**

(a) कन्याकुमारी (b) रामेश्वरम्
(c) इन्दिरा प्वाइंट (d) प्वाइंट कालीमर

**उत्तर-(c)** **UP Lower (Pre) G.S. 2002**

**व्याख्या :** भारत का सुदूर दक्षिणी बिन्दु अडंमान–निकोबार द्वीप समूह के बड़ा निकोबार द्वीप में स्थित '**इंदिरा प्वाइंट**' है, जिसे '**पिग्मेलियन प्वाइंट**' अथवा '**पारसन प्वाइंट**' की भी संज्ञा दी जाती है। भारत के मुख्य भूमि का दक्षिणतम् बिन्दु $8^04'$ उत्तरी अक्षांश पर स्थित '**कन्याकुमारी**' या '**केप केमोरिन**' अन्तरीप है भारत का सबसे उत्तरी बिन्दु जम्मू–कश्मीर केन्द्र शासित प्रदेश में $37^06'$ उत्तरी अक्षांश पर स्थित '**इंदिरा कॉल**' है। देश का सुदूर पश्चिमी बिन्दु गुजरात राज्य के '**गौरमाता**' या '**गुहार मोती**' है जबकि पूर्वोत्तर बिन्दु अरुणाचल प्रदेश में स्थित '**किबिथु**' है।

**13. भारत के प्रादेशिक जल क्षेत्र का विस्तार है-**

(a) तट से 3 समुद्री मील तक
(b) तट से 6 समुद्री मील तक
(c) तट से 12 समुद्री मील तक
(d) तट से 24 समुद्री मील तक

**उत्तर-(c)** **UPPCS (Mains) G.S. Ist Paper, 2005**

**व्याख्या :** भारत का प्रादेशिक जल क्षेत्र का विस्तार भारत के समुद्री तट से 12 नॉटिकल मील की दूरी तक स्थित है। इस क्षेत्र के उपयोग का भारत को सम्पूर्ण अधिकार प्राप्त है। अविच्छिन्न मंडल या संलग्न क्षेत्र की दूरी आधार रेखा से 24 समुद्री मील (1 समुद्री मील= 1.8 किमी.) तक है। इस क्षेत्र में भारत को साफ-सफाई, सीमा शुल्क की वसूली और वित्तीय अधिकार प्राप्त है।

**14. निम्नलिखित राज्यों में से कौन एक राज्य तीन तरफ से बांग्लादेश से घिरा है?**

(a) मिजोरम (b) मेघालय
(c) त्रिपुरा (d) पश्चिम बंगाल

**UPPSC AE G.S.- 2011**

**Ans. (c) :** त्रिपुरा राज्य तीन तरफ से बांग्लादेश से घिरा हुआ है। इसके अतिरिक्त यह भारतीय राज्य असोम व मिजोरम से भी जुड़ा है। 21 जनवरी 1972 को इसे मणिपुर व मेघालय के साथ पूर्ण राज्य का दर्जा दिया गया। अगरतला त्रिपुरा की राजधानी है।

**15. भारत के निम्न राज्यों में से कौन देश के सभी चारों भौतिक प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करता है-**

(a) ओडिशा (b) हिमाचल प्रदेश
(c) पश्चिम बंगाल (d) कर्नाटक

**उत्तर-(c)** **UPPCS (Pre) G.S. 2003**

**व्याख्या :** पश्चिम बंगाल राज्य में पर्वत प्रदेश, (दार्जिलिंग जिला), मैदानी प्रदेश (निचला गंगा मैदान), प्रायद्वीप क्षेत्र (वर्धमान जिला) तथा तटीय मैदान वाला प्रदेश (कोलकाता तथा गंगासागर) सभी चारों भौतिक प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करता है।

## B. कर्क रेखा एवं मानक समय

**16. यदि अरुणाचल प्रदेश में सूर्योदय का समय प्रातः 5:00 बजे है, तो सौराष्ट्र में सूर्योदय का सम्भावित समय क्या होगा?**

(a) 5.30 a.m. (b) 6.00 a.m.
(c) 6.30 a.m. (d) 7.00 a.m.

**UPPSC AE G.S.-2008**
**UPPCS (Pre) GS, 2010, 2002**

**Ans. (d) :** यदि अरुणाचल प्रदेश में सूर्योदय का समय 5.00 बजे प्रातःकाल है, तो सौराष्ट्र में सूर्योदय का समय 7.00 बजे ही होगा क्योंकि गुजरात एवं अरुणाचल प्रदेश के मध्य लगभग $30^0$ देशान्तर रेखा का अन्तर है।

$1^0$ देशान्तर = 4 मिनट

$30^0$ देशान्तर = 30×4 मिनट = 120 मिनट = 2 घंटा

ज्ञातव्य है कि भारतीय मानक समय $82^0 30'$ पूर्वी देशांतर से लिया जाता है। मानक रेखा से पूर्व की तरफ जाने पर समय में $1^0$ प्रति देशांतर 4 मिनट बढ़ता है तथा मानक रेखा से पश्चिम जाने पर $1^0$ प्रति देशांतर 4 मिनट समय घटता है।

**17. गुजरात के सबसे पश्चिमी गाँव और अरुणाचल प्रदेश के सबसे पूर्वी छोर पर स्थित वालांग के समय में कितने घंटे का अन्तराल होगा–**

(a) 1 घंटा (b) 2 घंटा
(c) 3 घंटा (d) 1/2 घंटा

**उत्तर-(b)** **UPPCS (Pre) G.S. 1992**

**व्याख्या :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**18. कर्क रेखा निम्नलिखित में से किन राज्यों से होकर गुजरती है?**

**1. त्रिपुरा** **2. मिजोरम**
**3. मणिपुर** **4. पश्चिम बंगाल**

**नीचे दिए गये कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :**
**कूट :**

(a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4
(c) 1, 2 और 4 (d) 2, 3 और 4

**UPPSC Poly. Lecturer 2021**

**Ans. (c) :** कर्क रेखा भारत के आठ राज्यों से होकर गुजरती है जो निम्न हैं- राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा एवं मिजोरम अतः स्पष्ट है कि मणिपुर से कर्क रेखा नहीं गुजरती है। यह कर्क रेखा के उत्तर में स्थित है।

**19. निम्नलिखित में से किस राज्य से कर्क रेखा नहीं गुजरती है?**

(a) त्रिपुरा (b) छत्तीसगढ़
(c) मणिपुर (d) मिजोरम

**UP PSC RO/ARO (Pre) Re-Exam 2016**

**Ans. (c) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**20. निम्नलिखित में से कौन सा भारतीय राज्य कर्क रेखा के उत्तर में स्थित है?**

(a) झारखण्ड (b) मणिपुर
(c) मिजोरम (d) त्रिपुरा

**उत्तर-(b) UPPCS (Mains) G.S. I[st] Paper 2008**
**UPPCS (Pre.) Opt. Geog. 2003, 2001**
**UPPCS (Pre.) G.S. I[st] Paper 2005**

**व्याख्या :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**21. निम्नलिखित नगरों में से कौन कर्क रेखा के सबसे नजदीक है?**

(a) रायपुर (b) इम्फाल
(c) आइजोल (d) अगरतला

**UPPSC AE G.S.- 2013**

**Ans. (c) :** $23\frac{1}{2}^\circ$ उत्तरी अक्षांश को कर्क रेखा कहा जाता है यह भारत को लगभग दो बराबर भागों में विभाजित करती है। प्रश्नगत दिये गये नगरों में कर्क रेखा के सबसे नजदीक आइजोल है जो 23°36' उत्तरी अक्षांश पर स्थित है। अन्य कर्क रेखा के नजदीक स्थित भारतीय शहर-

| शहर | | उत्तरी अक्षांश स्थिति |
|---|---|---|
| जबलपुर | – | 23°11' |
| गाँधीनगर | – | 23°13' |
| अगरतला | – | 23°50' |
| राँची | – | 23°11' |
| भोपाल | – | 23°25' |

**22. निम्नलिखित में से कौन-सा शहर कर्क रेखा से सबसे निकटस्थ है?**

(a) जबलपुर (b) अहमदाबाद
(c) उज्जैन (d) वाराणसी

**उत्तर– (a) UPPCS (Mains)-2017**

**व्याख्या–** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**23. निम्नांकित नगरों में कर्क रेखा से निकटतम दूरी पर स्थित है?**

(a) अगरतला (b) गाँधीनगर
(c) जबलपुर (d) उज्जैन

**उत्तर-(b) UPPCS (Pre.) G.S. 1999**
**UP Lower Pre (Spl.) GS 2002**

**व्याख्या :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**24. $80^0$ पूर्वी देशान्तर और कर्क-रेखा का मिलन बिन्दु है-**

(a) आन्ध्र प्रदेश में (b) महाराष्ट्र में
(c) उत्तर प्रदेश में (d) मध्य प्रदेश में

**उत्तर (d) UPPSC Food & Sanitary Inspector Exam. 2013**

**व्याख्या :** $80^o$ पूर्वी देशान्तर और कर्क रेखा का मिलन बिन्दु मध्य प्रदेश में स्थित है। यह स्थान जबलपुर से उत्तर की ओर स्थित है।

**25. निम्नलिखित देशांतरों में कौन-सा भारत की ''प्रामाणिक मध्याान्ह रेखा' कहलाता है?**

(a) $87^o30'$ पूर्वी (b) $85^o30'$ पूर्वी
(c) $84^o30'$ पूर्वी (d) $82^o30'$ पूर्वी

**उत्तर-(d) UPPCS (Pre) GS, 2013**

**व्याख्या :** प्रामाणिक समय एक प्रामाणिक देशांतर का स्थानीय समय होता है। भारत में $82\frac{1}{2}^0$ पूर्वी देशांतर, जो **प्रयागराज** के निकट नैनी से गुजरती है, के समय को मानक समय माना गया है। यह समय ग्रीनविच समय से $5\frac{1}{2}$ घण्टा आगे है। अतः जब ग्रीनविच में दोपहर के 12 बजे हों तो उस समय भारत में शाम के $5\frac{1}{2}$ बजेंगे। यह रेखा देश के पाँच राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा एवं आन्ध्र प्रदेश से होकर गुजरती है।

**26. यदि भारतीय मानक समय याम्योत्तर पर मध्यान्ह है तो $120^o$ पूर्वी देशान्तर पर स्थानीय समय क्या होगा?**

(a) 09.30 (b) 14.30
(c) 17.30 (d) 20.00

**उत्तर-(b) UPPCS (Pre) G.S. 2001**

**व्याख्या :** याम्योत्तर में पूर्व की तरफ बढ़ने पर प्रत्येक $15^o$ के बाद स्थानीय समय में 1 घण्टे की वृद्धि तथा याम्योत्तर से पश्चिम की ओर बढ़ने पर प्रत्येक $15^o$ के बाद स्थानीय समय में 1 घण्टे का ह्रास हो जाता है। भारतीय मानक समय = $82\frac{1}{2}^0$ पूर्वी देशान्तर है। इसलिए $120^o$ पूर्वी देशान्तर पर स्थानीय समय

$= 120^o - 82\frac{1}{2}^0 = 37\frac{1}{2}^0$ (पूर्वी देशान्तर)

[चूँकि $1^o = 4$ मि.]

$37\frac{1}{2}^0 = 37\frac{1}{2} \times 4$ =150 मिनट या 2.30 घंटा।

इसलिए (12 बजे) + $120^o$ पूर्वी देशान्तर पर स्थानीय समय
= 12.00 + 2.30 = 14.30

अतः विकल्प (b) सही है।

**27. भारतीय मानक समय की याम्योत्तर नहीं गुजरती है –**

(a) आन्ध्र प्रदेश से (b) छत्तीसगढ़ से
(c) महाराष्ट्र से (d) उत्तर प्रदेश से

**उत्तर-(c) UPPCS (Mains) G.S. I[st] Paper 2010**

**व्याख्या :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**28. निम्नलिखित में से कौन सा एक स्थान भारतीय मानक समय याम्योत्तर के सबसे नजदीक स्थित है?**

(a) बिलासपुर (b) फैजाबाद
(c) कोरापुट (d) मिर्जापुर

**उत्तर-(d) UP UDA/LDA (M) G.S. 2010**

**व्याख्या :** प्रश्नानुसार मिर्जापुर भारतीय मानक समय याम्योत्तर के सबसे नजदीक है।

**29. भारतीय मानक समय की देशान्तर रेखा (82° 30') पूर्वी किस नगर से होकर गुजरती है?**

(a) नागपुर (b) दिल्ली
(c) पटना (d) इलाहाबाद

**उत्तर-(d) UPPSC (Pre) G.S. 1993**

**व्याख्या :** भारतीय मानक समय देशान्तर रेखा प्रयागराज (इलाहाबाद) से होकर गुजरती है। अतः विकल्प (d) सही है।

**मानक समय रेखा के निकट प्रमुख शहरों की स्थिति**

| नगर | अवस्थिति |
|---|---|
| • लखनऊ | $81^0$ पू. देशान्तर |
| • रीवा | 81°19' पू. देशान्तर |
| • सागर | 78°50' पू. देशान्तर |
| • उज्जैन | 75°43' पू. देशान्तर |
| • होशंगाबाद | 77°45' पू. देशान्तर |
| • भोपाल | 77°30' पू. देशान्तर |
| • हैदराबाद | 78°29' पू. देशान्तर |
| • बेंगलुरु | 77°40' पू. देशान्तर |

**30. भारत में सबसे पहले निम्नलिखित में से किस राज्य में सूर्य दिखाई देता है?**

(a) मिजोरम (b) असोम
(c) अरुणाचल प्रदेश (d) नागालैंड

**उत्तर-(c) UPPSC Asst. Forest Conservator Exam. 2015**

**व्याख्या :** भारत में सबसे पहले सूर्य अरुणाचल प्रदेश में दिखाई देता है। भारतीय राज्य के रूप में इसकी स्थापना 20 फरवरी, 1987 को हुई थी। इसकी राजधानी ईटानगर है।

**31. भारत ने नई सहस्राब्दि के सूर्योदय की पहली किरण निम्नलिखित में से किस देशान्तर (Meridian) पर देखी?**

(a) 2°30' पश्चिम (b) 82°30' पूर्व
(c) 92°30' पश्चिम (d) 92°30' पूर्व

**उत्तर-(d) UPPCS (Pre) G.S. 2004**

**व्याख्या :** भारत पृथ्वी के उत्तरी-पूर्वी गोलार्द्ध में 8°4' से 37°6' उत्तरी अक्षांश तथा 68°7' से 97°25' पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। $82\frac{1^{\circ}}{2}$ (82°30') पूर्वी देशान्तर भारत का प्रमाणिक मध्याह्न रेखा है तथा उत्तर से दक्षिण इसके लगभग मध्य से होकर गुजरती है।
भारत में 21वीं शताब्दी का प्रथम सूर्योदय 92°30' पूर्व देशान्तर पर स्थित ग्रेट अण्डमान के सुप्रसिद्ध स्थल कटचल में देखा गया।

**32. निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान 'भारत का ग्रीनविच' कहा जाता है?**

(a) रोहतक (b) अवंती
(c) उज्जैन (d) कुरुक्षेत्र

**उत्तर-(c) UPPCS (J) (Pre) G.S. 2016**

**व्याख्या :** प्राचीन काल से ही उज्जैन को समय की गणना के लिए केन्द्रीय सन्दर्भ बिन्दु के रूप में माना जाता था इसीलिए उज्जैन को 'भारत का ग्रीनविच' भी कहा जाता है। मुगल काल में जयसिंह द्वितीय द्वारा उज्जैन, दिल्ली, जयपुर, मथुरा तथा वाराणसी में वेधशालाओं का निर्माण भी कराया गया था।

## C. राज्य एवं संघ शासित प्रदेश

**33. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में नहीं सम्मिलित है –**

(a) हरियाणा का भाग (b) पंजाब का भाग
(c) राजस्थान का भाग (d) उत्तर प्रदेश का भाग

**उत्तर-(b) UPPCS (Mains) G.S. I$^{st}$ Paper 2008**

**व्याख्या :** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, योजना बोर्ड के अनुसार 31 मार्च, 2017 तक लगभग 55083 वर्ग किमी. क्षेत्र (नए समावेशित क्षेत्रों सहित) में विस्तृत है। इसमें हरियाणा (25327 वर्ग किमी.), राजस्थान (13447 वर्ग किमी.) और उत्तर प्रदेश (14826 वर्ग किमी.) तथा सम्पूर्ण संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली (1483 वर्ग किमी.) सम्मिलित है। अतः पंजाब राज्य राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) का हिस्सा नहीं है।
अतः इस प्रकार विकल्प (b) सही है।
**Note:–** NCR क्षेत्र के क्षेत्रफल में सर्वाधिक योगदान हरियाणा (45.9%, 14 जिले) का तत्पश्चात् उत्तर प्रदेश (29.9%, 8 जिले) के अलावा उत्तर प्रदेश के 4 जिले क्रमशः सहारनपुर, मथुरा, अलीगढ़ व बिजनौर को शामिल करने की घोषणा की गई है। राजस्थान (24.4%, 2 जिले) एवं दिल्ली (2.7%) का है।

**34. भारत के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

**1. भारत विश्व का छठा सबसे बड़ा देश है।**
**2. संसार का लगभग 2.4% क्षेत्र भारत के अन्तर्गत आता है।**
**3. कर्क रेखा देश के बीच से गुजरती हैं जो अक्षांशीय विस्तार को दो बराबर भागों में बांटती है।**
**4. भारत पूरी तरह से उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में स्थित है।**

**नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये।**

**कूट :**

(a) 1 तथा 2 (b) 2 तथा 4
(c) 3 तथा 4 (d) 2 तथा 3

**UPPSC (Pre) 2022**

**Ans. (d) :** भारत के संदर्भ में निम्नलिखित कथन सही हैं-
■ भारत विश्व का सातवां सबसे बड़ा (क्षेत्रफल के अनुसार) देश है। जबकि जनसंख्या के अनुसार दूसरा बड़ा देश है।
■ संसार का लगभग 2.4% क्षेत्र भारत के अंतर्गत आता है।

- कर्क रेखा ($23\frac{1}{2}°$ उत्तरी अक्षांश) देश के बीच से गुजरती है, जो अक्षांशीय विस्तार को दो बराबर भागों में बाँटती है। यह रेखा भारत के 8 राज्यों यथा- गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल त्रिपुरा एवं मिजोरम से गुजरती है।
- भारत पूर्णतया उत्तरी पूर्वी गोलार्द्ध में स्थित है। इसका अक्षांशीय विस्तार 6°45' उत्तरी अक्षांश और 37°6' उत्तरी अक्षांश, जबकि देशान्तरीय विस्तार 68°7' पूर्वी देशान्तर और 97°25' पूर्वी देशांतर के मध्य है। इस प्रकार भारत का विस्तार उष्ण एवं उपोष्ण दोनों कटिबंधों में है तथा $82\frac{1°}{2}$ पूर्वी देशांतर रेखा का उपयोग भारतीय मानक समय रेखा के रूप में किया जाता है।

**35. पूरी पृथ्वी की भूमि के क्षेत्रफल की तुलना में, भारत की भूमि का क्षेत्रफल है–**

(a) 4%/4 प्रतिशत (b) 3.5%/3.5 प्रतिशत
(c) 2.3%/2.3 प्रतिशत (d) 2%/2 प्रतिशत

**UPPSC APS 2010**

**Ans. (*) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**36. निम्नलिखित कथनों में से कौन से भारत के बारे में सही हैं? सही उत्तर के चयन हेतु अधोलिखित कूट का उपयोग कीजिए :**

1. भारत विश्व का पाँचवा बड़ा देश है।
2. यह स्थलमण्डल के कुल क्षेत्रफल का लगभग 2.4 प्रतिशत भाग अधिकृत किए हुए है।
3. समूचा भारत उष्ण कटिबंध में स्थित है।
4. $82^0$ 30' पूर्वी देशान्तर का उपयोग भारतीय मानक समय को निर्धारित करने के लिए किया जाता है।

**कूट :**

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) 2 और 4

**उत्तर-(d) UPPCS (Mains) G.S.,I- Paper, 2006**

**व्याख्या :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**37. भारत के लिए निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा असत्य है?**

(a) भारत विश्व का 7वां बड़ा देश है
(b) भारत जनसंख्या की दृष्टि से विश्व का दूसरा राष्ट्र है
(c) इसकी भूमि सीमा का विस्तार लगभग 15,200 किमी. है
(d) सर्वप्रथम सूर्योदय इसके मिजोरम राज्य में होता है

**UP PSC RO/ARO (Mains) 2016**

**Ans. (d) :** भारत में सर्वप्रथम सूर्योदय मिजोरम राज्य में न होकर अरुणाचल प्रदेश में होता है। शेष सभी विकल्प सत्य हैं।

**38. भारत में निम्नलिखित केन्द्र शासित प्रदेशों में से कौन क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे छोटा है?**

(a) दादरा एवं नगर हवेली (b) चण्डीगढ़
(c) लक्षद्वीप (d) दमन और दीव

**UP PSC ACF/RFO (Mains) 2019 Paper I**

**Ans. (c) :** निम्नलिखित केन्द्र शासित प्रदेशों में लक्षद्वीप क्षेत्रफल और जनसंख्या की दृष्टि से सबसे छोटा है।

| केन्द्र शासित प्रदेश | क्षेत्रफल ( वर्ग किमी. ) |
|---|---|
| दादरा एवं नगर हवेली | - 491 |
| चण्डीगढ़ | - 114 |
| दमन और दीव | - 112 |
| लक्षद्वीप | - 32 |

**नोट-**वर्तमान में दादरा एवं नगर हवेली और दमन दीव को मिलाकर एक केन्द्र शासित प्रदेश कर दिया गया है। इसका वर्तमान में कुल क्षेत्रफल 603 वर्ग किमी. है।

**39. निम्न कथनों पर विचार कीजिए तथा निम्नलिखित कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिएः**

**1. सिक्किम भारत का सबसे छोटा राज्य है।**
**2. राजस्थान भारत का सबसे बड़ा राज्य है।**
**3. तमिल लक्षद्वीप की सरकारी भाषा है।**
**4. सिलवासा दादरा एवं नगर हवेली की राजधानी है।**

**कूट :**

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 3 और 4 (d) 2 और 4

**UPPSC AE G.S.-2004**
**UPPCS (Pre) G.S. 2007**

**Ans. (d) :** क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे छोटा राज्य गोवा है। इसका क्षेत्रफल 3702 वर्ग किलोमीटर है। जनसंख्या की दृष्टि से भारत का सबसे छोटा राज्य सिक्किम है। सिक्किम की कुल जनसंख्या 610577 (जनगणना 2011) है। लक्षद्वीप की सरकारी भाषा तमिल न होकर मलयालम, अंग्रेजी है। दादरा एवं नगर हवेली की राजधानी सिलवासा है। वर्तमान में दादर और नगर हवेली तथा दमन और दीव के विलय के बाद इसकी राजधानी दमन हो गई है।

**40. निम्नलिखित में से कौन सा शहर (नगर) भारत के किसी राज्य की राजधानी नहीं है?**

(a) रायपुर (b) गुवाहाटी
(c) शिलांग (d) रांची

**UPPSC AE G.S.- 2013**

**Ans. (b) :** गुवाहाटी शहर असोम राज्य में स्थित पूर्वोत्तर भारत का सबसे बड़ा शहर है। राज्य की राजधानी दिसपुर, शहर के भीतर स्थित है। यह शहर कोलकाता के बाद पूर्वी भारत में दूसरा सबसे बड़ा महानगरीय क्षेत्र है और भारत में सबसे तेजी से विकासशील शहरों में से एक है।

**41. सूची-I (राज्य) का सूची-II (राजधानियों) से सुमेल कीजिये तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये–**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. असोम | 1. शिलांग |
| B. नागालैण्ड | 2. कोहिमा |
| C. अरुणाचल प्रदेश | 3. दिसपुर |
| D. मेघालय | 4. ईटानगर |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 | (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 4 | 1 | 3 | 2 | (d) | 1 | 4 | 2 | 3 |

**उत्तर-(b)** **UPPCS (Pre) G.S. 1994**

**व्याख्या :** सही सुमेलित क्रम इस प्रकार है-

| राज्य | राजधानी |
|---|---|
| असोम | दिसपुर |
| नागालैण्ड | कोहिमा |
| अरुणाचल प्रदेश | ईटानगर |
| मेघालय | शिलांग |

**42. भारत के निम्नलिखित राज्यों को उनके क्षेत्रीय आकार के अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिये–**

1. आन्ध्र प्रदेश
2. मध्य प्रदेश
3. राजस्थान
4. उत्तर प्रदेश

**नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये–**

(a) 3, 1, 4, 2 (b) 3, 2, 1, 4
(c) 4, 2,1, 3 (d) 1, 3, 2, 4

**उत्तर-(b)** **UPPCS (Mains) G.S. 2003**

**व्याख्या :** प्रश्नकाल में दिए गए राज्यों को उनके क्षेत्रफल के आधार पर अवरोही क्रम इस प्रकार था–

राजस्थान–मध्य प्रदेश–आंध्र प्रदेश–उत्तर प्रदेश

अतः विकल्प (b) सही है।

परन्तु वर्तमान में (2 जून, 2014 को) आंध्र प्रदेश से तेलंगाना पृथक् होकर नया राज्य बन जाने के कारण दिए गए राज्यों का क्षेत्रफल के आधार पर अवरोही क्रम इस प्रकार है– राजस्थान–मध्य प्रदेश–उत्तर प्रदेश–आंध्र प्रदेश

शीर्ष चार क्षेत्रफल वाले राज्यों का अवरोही क्रम–

| राज्य | क्षेत्रफल वर्ग किमी. |
|---|---|
| • राजस्थान | 342239 |
| • मध्य प्रदेश | 308252 |
| • महाराष्ट्र | 307713 |
| • उत्तर प्रदेश | 240928 |

**43. भारत के निम्नलिखित केन्द्रशासित प्रदेशों में से कौन क्षेत्रफल में सबसे बड़ा है?**

(a) चण्डीगढ़
(b) लक्षद्वीप
(c) अण्डमान एवं निकोबार
(d) दमन एवं दीव

**UPPSC Asst. Forest Conservator Exam. 2013**

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या :** विकल्प में दिये गये केन्द्रशासित प्रदेशों के क्षेत्रफल निम्न है–

| राज्य | क्षेत्रफल (वर्ग किमी॰) |
|---|---|
| अण्डमान निकोबार द्वीप समूह ______ | 8,249 |
| चण्डीगढ़ ______ | 114 |
| दमन एवं दीव ______ | 112 |
| लक्षद्वीप ______ | 32 |

**नोट-** 26 जनवरी 2020 को दमन एवं दीव और दादरा एवं नगर हवेली का विलय कर दिया गया जिसका कुल क्षेत्रफल 602 वर्ग किमी. है।

**44. निम्नांकित कौन से कथन सिक्किम के सम्बन्ध में सही है? नीचे दिये कूट से सही उत्तर चुनिए :**

I. 1975 में यह भारत का अभिन्न अंग बन गया था।
II. इसे प्राकृतिक वनस्पति का स्वर्ग माना जाता है।
III. इसके मुख्य निवासी लेप्चा लोग हैं।

**कूट :**

(a) I (b) I तथा II
(c) II तथा III (d) I, II तथा III

**उत्तर-(d)** **UPLower (Pre) G.S. Spl. 2004**

**व्याख्या :** 1974 ई. में सिक्किम को 35वें संविधान संशोधन द्वारा सहराज्य के रूप में भारत का अंग बनाया गया तथा 36वें संविधान संशोधन 1975 द्वारा यह भारत का पूर्ण राज्य बन गया। यहाँ के मुख्य निवासी लेप्चा लोग हैं। इसे प्राकृतिक वनस्पतियों का स्वर्ग माना जाता है तथा यह भारत का पहला जैविक कृषि राज्य है।

## D. सीमावर्ती देश

**45. निम्नलिखित में से भारत के किस राज्य की सीमा म्यांमार से उभयनिष्ठ नहीं है?**

(a) असम (b) नागालैण्ड
(c) अरुणाचल प्रदेश (d) मिजोरम

**उत्तर-(a)** **UPPCS (Mains) G.S. Ist Paper 2012**

**व्याख्या :** भारत की स्थलीय सीमाओं की लम्बाई 15200 किमी. है। भारत के उत्तर–पश्चिम में पाकिस्तान तथा अफगानिस्तान, उत्तर में चीन, नेपाल तथा भूटान और पूर्व में म्यांमार तथा बांग्लादेश है। भारत की सबसे लम्बी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा बांग्लादेश के साथ तथा सबसे छोटी अफगानिस्तान के साथ है। भारत की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा की लम्बाई और सम्बद्ध राज्य इस प्रकार है–

| क्र. | देश | लम्बाई (किमी.) | सीमा रेखा | सीमा रेखा से सम्बद्ध भारतीय राज्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बांग्लादेश | 4096.7 | जीरो लाइन | **पांच राज्य–** पश्चिम बंगाल, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा, असोम |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2. | चीन | 3488 | मैकमोहन रेखा | **चार राज्य एवं एक केन्द्र शासित प्रदेश** लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश |
| 3. | पाकिस्तान | 3323 | रेडक्लिफ रेखा (1947) | **तीन राज्य एवं दो केन्द्र शासित प्रदेश** गुजरात, राजस्थान, पंजाब, जम्मू-कश्मीर लद्दाख |
| 4. | नेपाल | 1751 | – | **पाँच राज्य–** उत्तर प्रदेश, बिहार, पं. बंगाल, सिक्किम, उत्तराखण्ड |
| 5. | म्यांमार | 1643 | इण्डो–बर्मा सीमा | **चार राज्य–** अरुणाचल प्रदेश, नागालैण्ड, मणिपुर, मिजोरम |
| 6. | भूटान | 699 | – | **चार राज्य–** पं. बंगाल, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असोम |
| 7. | अफगानिस्तान | 106 | डूरण्ड रेखा (1896) | **एक केन्द्र-शासित प्रदेश–** लद्दाख (पाक अधिकृत) |
| | **कुल** | 15106.7 | | |

**Note:–** सामान्यतः भारतीय स्थलीय सीमा की लम्बाई 15200 किमी. मानी जाती है।

**46. निम्नलिखित राज्यों में किसकी सीमा बांग्लादेश से नहीं मिलती है?**

(a) मेघालय (b) त्रिपुरा
(c) मणिपुर (d) मिजोरम

**UPPCS BEO 2006 Re Exam**
**UPPCS (Pre.) G.S. 2002**
**UP Lower (Pre) G.S. 2002**
**UPPCS (Mains) Spl. G.S. 2004**
**UPPCS (Mains) G.S. 2016**

**Ans. (c) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**47. निम्नलिखित में से किस राज्य की सीमा बांग्लादेश और म्यांमार से लगी हुई है?**

(a) मणिपुर (b) त्रिपुरा
(c) मिज़ोरम (d) नागालैण्ड

**UPPSC AE G.S.-2004**

**Ans. (c) :** मिजोरम की सीमा बांग्लादेश और म्यांमार की सीमा से लगी है। त्रिपुरा की सीमा बांग्लादेश से, मणिपुर और नागालैण्ड की सीमा म्यांमार से लगी हुई है।

**48. म्यांमार सीमा के सहारे निम्नलिखित भारतीय राज्यों का उत्तर से दक्षिण, सही क्रम क्या है?**

(a) अरुणाचल प्रदेश, नागालैण्ड, मणिपुर, मिजोरम
(b) अरुणाचल प्रदेश, असोम, नागालैण्ड, मणिपुर
(c) असम, नागालैण्ड, मणिपुर, मिज़ोरम
(d) नागालैण्ड, असोम, मिजोरम, मणिपुर

**UPPSC AE G.S.- 2013**

**Ans. (a) :** म्यांमार देश की सीमा से लगे भारतीय राज्यों का उत्तर से दक्षिण का सही क्रम है-
**अरुणाचल प्रदेश- नागालैंड- मणिपुर- मिजोरम**

**49. रेडक्लिफ लाइन सीमा निर्धारित करती है –**

(a) उत्तर कोरिया एवं दक्षिण कोरिया के बीच
(b) संयुक्त राज्य अमेरिका एवं कनाडा के बीच
(c) भारत एवं पाकिस्तान के बीच
(d) भारत एवं चीन के बीच

**उत्तर-(c)** **UPPCS (Pre) GS, 2014**

**व्याख्या :** सही सुमेलन इस प्रकार है –

| | | |
|---|---|---|
| (1) भारत–पाकिस्तान | – | रेडक्लिफ लाइन |
| (2) उत्तर कोरिया–दक्षिण कोरिया | – | $38^{o}$ अक्षांश |
| (3) अमेरिका–कनाडा | – | $49^{o}$ अक्षांश |
| (4) भारत–चीन | – | मैकमोहन लाइन |

**50. भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा निर्धारित की गई थी–**

(a) डूरण्ड रेखा द्वारा (b) मैकमोहन रेखा द्वारा
(c) मैग्नीनॉट रेखा द्वारा (d) रेडक्लिफ रेखा द्वारा

**उत्तर-(d)** **UPPCS (Pre) G.S. 1996**
**UP UDA/LDA (Pre) G.S. 2006**

**व्याख्या :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**51. छत्तीसगढ़ की सीमा उभयनिष्ट नहीं है।**

(a) महाराष्ट्र के साथ (b) बिहार के साथ
(c) ओडिशा के साथ (d) आंध्र प्रदेश के साथ

**उत्तर (b)** **UP RO/ARO (M.) G.S. 2013**

**व्याख्या-** छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, झारखण्ड और उत्तर प्रदेश इत्यादि राज्यों के साथ उभयनिष्ठ है। जबकि बिहार के साथ छत्तीसगढ़ की सीमा उभयनिष्ठ नहीं है। अतः विकल्प (b) सही है।

**52. भारत के निम्नलिखित राज्यों के समूहों में से कौन-सा समूह पाकिस्तान से सीमा बनाता है?**

(a) जम्मू एवं कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब तथा राजस्थान
(b) पंजाब, जम्मू एवं कश्मीर, राजस्थान तथा गुजरात
(c) पंजाब, हरियाणा, जम्मू एवं कश्मीर तथा राजस्थान
(d) पंजाब, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान तथा गुजरात

**उत्तर-(b)** **UPPCS (Pre.) G.S. 2003**

**व्याख्या :** प्रश्नकाल के समय भारत के 4 राज्य जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और गुजरात की पाकिस्तान से सीमा बनाते थी परन्तु अक्टूबर, 2019 में लद्दाख केन्द्र शासित प्रदेश बनने के बाद 5 केन्द्र शासित प्रदेश/राज्य पाकिस्तान से सीमा बनाते हैं।

**53. निम्न वाक्यों में कौन सा सही है–**

(a) मध्य प्रदेश की सीमा सात राज्यों से लगी है
(b) भोपाल कर्क रेखा के उत्तर में स्थित है
(c) पंजाब राज्य की सीमा कहीं भी जम्मू-कश्मीर से नहीं मिलती
(d) अरुणाचल प्रदेश में कोई राष्ट्रीय पार्क नहीं है

**उत्तर-(a)** **UPPCS (Pre.) G.S. 1993**

**व्याख्या :** प्रश्न काल (1993) में मध्य प्रदेश की सीमा सात राज्यों से लगी थी किन्तु छत्तीसगढ़ के पृथक् हो जाने के कारण वर्तमान में मध्य प्रदेश की सीमा पाँच राज्यों (उ.प्र., राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़) से लगी है। भोपाल, कर्क रेखा के दक्षिण में स्थित है जबकि अरुणाचल प्रदेश में दो राष्ट्रीय पार्क नामदफा राष्ट्रीय पार्क व माउलिंग राष्ट्रीय पार्क स्थित है। पंजाब राज्य की सीमा जम्मू एवं कश्मीर से मिलती है।

**54. भारत के निम्नांकित राज्यों में से किसके तीन तरफ अन्तर्राष्ट्रीय सीमायें हैं?**

(a) असोम (b) नागालैंड
(c) त्रिपुरा (d) पश्चिम बंगाल

**उत्तर-(c)** **UPPCS (Mains) Spl. G.S. I[st] Paper 2008**

**व्याख्या :** त्रिपुरा राज्य तीन ओर से बांग्लादेश से घिरा हुआ है। यद्यपि प. बंगाल तीन अन्तर्राष्ट्रीय सीमाओं को छूता है, लेकिन प्रश्न में 'तीन तरफ' अर्थात दिशाओं की बात कही गयी है इस आधार पर उत्तर त्रिपुरा होगा।

## E. अन्य तथ्य

**55. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए–**

| सूची-I (बीच) | सूची-II (अवस्थिति) |
|---|---|
| A. कोलवा | 1. पश्चिम बंगाल |
| B. मांगरोल | 2. गोवा |
| C. कन्नूर | 3. गुजरात |
| D. बक्खाली | 4. केरल |

**नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर चुनिए–**

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

**UP PSC ACF/RFO (Mains) 2019 Paper I**

**Ans. (d) :** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है–

| बीच | | अवस्थिति |
|---|---|---|
| कोलवा | – | गोवा |
| मांगरोल | – | गुजरात |
| कन्नूर | – | केरल |
| बक्खाली | – | पश्चिम बंगाल |

**56. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा एक सही सुमेलित नहीं है?**

(a) ऋषिपत्तन - सारनाथ
(b) दशपुर - मन्दसौर
(c) बनवासी - तलकाड
(d) महोदय - कन्नौज

**UP PSC AE 2019**

**Ans. (c) :** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है

| नगरों के प्राचीन नाम | | नगरों के आधुनिक नाम |
|---|---|---|
| ऋषिपत्तन/मृगदाव | - | सारनाथ |
| दशपुर | - | मन्दसौर |
| कान्यकुब्ज/महोदया | - | कन्नौज |

जबकि आधुनिक तलकांड का प्राचीन नाम बनवासी दिया गया है जोकि सुमेलित नहीं है। यहाँ पर बनवासी कर्नाटक राज्य के उत्तर में स्थित कन्नड़ जिले में मंदिरों वाला एक कस्बा है। इसकी सीमा शिवमोगा जिले से लगती है।

**57. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

(a) बदरपुर – दिल्ली
(b) हरदुआगंज – उत्तर प्रदेश
(c) उतारन – गुजरात
(d) पारस – आन्ध्र प्रदेश

**उत्तर-(d)** **UPPCS (Mains) G.S.,I- Paper, 2006**

**व्याख्या :** बदरपुर दिल्ली में अवस्थित है, हरदुआगंज, उत्तर प्रदेश में अलीगढ़ के निकट अवस्थित है, यहाँ 50-50 मेगावाट क्षमता की दो विद्युत यूनिटें (ताप विद्युत गृह) स्थापित की गई है। उतारन गुजरात में अवस्थित है जबकि पारस आन्ध्र प्रदेश में अवस्थित नहीं है, यह महाराष्ट्र के अकोला जिले में स्थित है। यहाँ 500 मेगावाट का ताप विद्युत गृह है।

**58. सूची-I का सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–**

| सूची-I | सूची-I |
|---|---|
| A. दिल्ली | 1. शुष्क |
| B. मुंबई | 2. अर्द्धशुष्क |
| C. जोधपुर | 3. उष्ण आर्द्र |
| D. शिलांग | 4. आर्द्र |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**उत्तर–(c)** **UPPSC ACF (Pre), 2017**

**व्याख्या–** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है–

| | |
|---|---|
| दिल्ली | अर्द्धशुष्क |
| मुंबई | उष्ण आर्द्र |
| जोधपुर | शुष्क |
| शिलांग | आर्द्र |

अतः विकल्प (c) सही सुमेलित है।

# 02.

# पर्वतीय, पठारी एवं मैदानी क्षेत्र
# (MOUNTAIN, PLATEAU & PLAIN AREA)

## A. पर्वतीय एवं पहाड़ी क्षेत्र

**1. निम्नलिखित में से कौन-सी एक चोटी भारत में नहीं है?**

(a) गुरला मान्धााता (b) नामचा बरवा
(c) कामेत (d) नंगा पर्वत

**उत्तर–(a&b)** **UPPCS Pre-2019**

**व्याख्या–**गुरला मान्धाता चोटी भारत में स्थित न होकर तिब्बत (चीन) में मानसरोवर झील के पास स्थित हिमालय का एक पर्वत है। जबकि नामचा बरवा अरुणाचल प्रदेश और तिब्बत की सीमा के पास स्थित है। कामेत पर्वत उत्तराखण्ड के गढ़वाल क्षेत्र में तथा नंगा पर्वत जम्मू एवं कश्मीर के पाक अधिकृत क्षेत्र में अवस्थित है।

**2. मैकाल रेंज निम्न में से कहाँ स्थित है?**

(a) छत्तीसगढ़ में (b) राजस्थान में
(c) जम्मू और कश्मीर में (d) पश्चिमी घाट में

**UPPSC AE G.S.-2008**

**Ans. (a)** मैकाल पर्वत श्रेणी भारत के छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित है। मैकाल पर्वत, राजपीपला पहाड़ी महादेव पहाड़ी, सतपुड़ा श्रेणी का ही पूर्वी विस्तार है। सतपुड़ा पर्वत श्रेणी की सर्वोच्च चोटी धूपगढ़ (1350 मी.) है।

**3. निम्न पर्वत श्रेणियों में से किसके मध्य ''लेह'' अवस्थित है?**

(a) देवसाई तथा काराकोरम (b) शिवालिक तथा पीरपंजाल
(c) जास्कर तथा लद्दाख (d) पीरपंजाल तथा लद्दाख

**UPPSC AE G.S.- 2011**

**Ans. (c) :** लेह भारत के लद्दाख केन्द्र शासित क्षेत्र में स्थित एक नगर है। यह जास्कर तथा लद्दाख पर्वत श्रेणियों के मध्य स्थित है।

**4. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये।**

| सूची-I पहाड़ी/पर्वत | | सूची-II भारतीय राज्यों में अविस्थिति | |
|---|---|---|---|
| A. | बटेश्वर पहाड़ी | 1. | हरियाणा |
| B. | बिलारी श्रृंखला | 2. | मणिपुर |
| C. | चिन श्रृंखला | 3. | बिहार |
| D. | धोषी पहाड़ी | 4. | कर्नाटक |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 2 | 3 | 1 | 4 |

**UPPSC (Pre) 2022**

**Ans. (c) :** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| सूची-I (पहाड़ी/पर्वत) | सूची-II (भारतीय राज्यों में अवस्थिति) |
|---|---|
| बटेश्वर पहाड़ी | भागलपुर, बिहार |
| बिलारी श्रृंखला | कर्नाटक |
| चिन श्रृंखला | मणिपुर |
| धोषी पहाड़ी | महेन्द्रगढ़ (हरियाणा) |

बिलारी श्रृंखला प्रश्न में कर्नाटक राज्य से संबंधित है ऐसा लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक उत्तर कुंजी में बताया गया जबकि कनार्टक में बल्लारी/बेल्लारी गुड्डा श्रृंखला है।

**5. निम्नलिखित पर्वत श्रृंखलाओं में से कौन-सी हिमालय पर्वत श्रेणी में अवस्थित हैं?**

1. चो ओऊ 2. ल्होत्से
3. अन्नामलाई 4. सिरुमलाई

**नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये:**

**कूट :**

(a) केवल 1 तथा 2 (b) केवल 1, 2 तथा 3
(c) केवल 3 तथा 4 (d) केवल 2, 3 तथा 4

**UPPSC (Pre) 2022**

**Ans. (a) :** चो ओऊ पर्वत दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वतों में से एक है, जिसकी समुद्र तल से ऊँचाई 8,201 मीटर है। तिब्बती भाषा में चो ओऊ का अर्थ ''फिरोजा देवी'' होता है। यह दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट एवरेस्ट से लगभग 20 मील उत्तर-पश्चिम में स्थित है। अतः चो ओऊ और ल्होत्से पर्वत श्रृंखला हिमालय पर्वत श्रेणी में अवस्थित हैं। अन्नामलाई पर्वत श्रृंखला पश्चिमी घाट में और सिरूमलाई पर्वत श्रृंखला पूर्वी घाट में स्थित है।

**6. निम्नलिखित में से कौन-सी जम्मू और कश्मीर केन्द्र शासित प्रदेश की सबसे लम्बी पर्वत श्रृंखला है?**

(a) नाग टिब्बा श्रृंखला (b) महाभारत श्रृंखला
(c) पीर पंजाल श्रृंखला (d) जास्कर श्रृंखला

**UPPSC ACF/RFO 2021 Paper-I**

**Ans. (c) :** पीर पंजाल पर्वत श्रृंखला जम्मू और कश्मीर केन्द्रशासित प्रदेश की सबसे लम्बी पर्वत श्रृंखला है।
यह श्रेणी पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर, भारत के जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश राज्य में विस्तृत है। कश्मीर का प्रसिद्ध गुलमर्ग पर्यटनस्थल, और हिमाचल प्रदेश के कुल्लू, लाहौल व स्पीति जिले भी इसी श्रृंखला में स्थित है। कुल्लू घाटी हिमाचल प्रदेश में स्थित पीरपंजाल तथा धौलाधार श्रेणी के मध्य (लघु हिमालय) में स्थित है।

**7. पीर पंजाल श्रेणी पाई जाती है–**

(a) अरुणाचल प्रदेश में (b) जम्मू एवं कश्मीर में
(c) पंजाब में (d) उत्तराखंड में

**उत्तर-(b)** **UPPCS (Mains) G.S. I[st] Paper 2007**

**व्याख्या :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**8. कुल्लू घाटी जिन पर्वत श्रेणी के बीच अवस्थित है, वे हैं–**

(a) धौलाधर तथा पीर पंजाल

(b) रणज्योति तथा नागटिब्बा

(c) लद्दाख तथा पीर पंजाल

(d) मध्य हिमालय तथा शिवालिक

**उत्तर-(a)** **UPPCS (Pre.) G.S. 1999**

**UP Lower (Pre) Spl, 2002**

**व्याख्या :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**9. 'हिमालय में त्रिशूल शिखर' के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**

**(1) यह उत्तराखण्ड के बागेश्वर जिले में स्थित है।**

**(2) यह चोटी 7500 मीटर से भी अधिक ऊँची है।**

**नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

**कूट :**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) दोनों 1 और 2 (d) न तो 1 और ना ही 2

**UPPSC RO/ARO (Mains) 2021**

**Ans. (a) :** त्रिशूल शिखर उत्तराखण्ड के बागेश्वर जिले में स्थित है तथा इस चोटी की ऊँचाई 7120 मीटर है। विश्व की अधिकांश ऊँची पर्वत चोटियाँ वृहद हिमालय में ही पायी जाती है। जैसे-माउण्ट एवरेस्ट 8848.48 मी. $K_2$ या गाडविन आस्टिन 8611 मी., कंचनजंगा 8598 मी. तथा मकालू 8481 मी. है।

**10. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए।**

| सूची-I (भारत के राज्य) | सूची-II (सबसे ऊँची चोटी) |
|---|---|
| (a) तमिलनाडु | 1. धूपगढ़ चोटी |
| (b) राजस्थान | 2. सारामती चोटी |
| (c) नागालैंड | 3. गुरुशिखर चोटी |
| (d) मध्य प्रदेश | 4. डोडा बेट्टा चोटी |

**कोड :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (b) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (c) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**UPPSC (Pre) 2021**

**UPPSC AE 2019**

**Ans. (d) :** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है–

| सूची-I (भारत के राज्य) | | सूची-II (सबसे ऊँची चोटी/पर्वत) |
|---|---|---|
| तमिलनाडु | - | डोडा बेट्टा चोटी/ नीलगिरी |
| राजस्थान | - | गुरुशिखर चोटी/अरावली |
| नागालैण्ड | - | सारामती चोटी/ सारामती |
| मध्य प्रदेश | - | धूपगढ़ चोटी/सतपुड़ा |

अतः विकल्प (d) सही सुमेलित है।

**11. अरावली श्रेणी किस राज्य में स्थित हैं?**

(a) राजस्थान (b) हिमाचल प्रदेश

(c) ओडिशा (d) आन्ध्र प्रदेश

**उत्तर-(a)** **UP RO/ARO (Pre) 2014**

**व्याख्या :** अरावली पर्वत श्रेणी गुजरात के पालनपुर से लेकर राजस्थान एवं हरियाणा से होकर दिल्ली तक लगभग 800 किमी. की लम्बाई में विस्तृत है। इसका निर्माण प्री-कैम्ब्रियन काल में हुआ था जो 600 से 570 मिलियन वर्ष पूर्व माना जाता है। यह भारत की सबसे प्राचीन पर्वत शृंखला है। इसकी सर्वोच्च चोटी गुरु शिखर (1722 मी.) है।

**12. निम्नलिखित श्रेणियों को दक्षिण से उत्तर की ओर के क्रम में व्यवस्थित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिएः**

1. जास्कर श्रेणी 2. धौलाधर श्रेणी

3. लद्दाख श्रेणी 4. काराकोरम श्रेणी

**कूट :**

(a) 2, 1, 3, 4 (b) 2, 3, 4, 1

(c) 4, 3, 2, 1 (d) 4, 2, 1, 3

**UP PSC ACF/RFO (Mains) 2020 Paper I**

**Ans. (a) :** धौलाधर श्रेणी हिमाचल प्रदेश में स्थित है।

⇒ जास्कर श्रेणी केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख में स्थित है।

⇒ लद्दाख श्रेणी जास्कर के उत्तर में स्थित है। यह सिंधु व श्योक नदियों के बीच स्थित है।

⇒ काराकोरम श्रेणी लद्दाख श्रेणी के उत्तर में स्थित है। इसका विस्तार भारत, पाकिस्तान व चीन में है।

दक्षिण से उत्तर क्रम- धौलाधर-जास्कर-लद्दाख-काराकोरम

**13. निम्नलिखित में से कौन-सा पर्वतीय क्रम सबसे पुराना है?**

(a) अरावली (b) हिमालय

(c) सतपुड़ा (d) नीलगिरी

**UP PSC ACF/RFO (Mains) 2018 Paper I**

**UPPCS (Mains)-2017**

**UPPCS (Pre.) G.S. 1991**

**Utt. PCS (Pre) Opt. Geog. 2006-07**

**UPPCS (Mains) G.S. 2003**

**Ans: (a)** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**14. भारत की निम्नलिखित पर्वत श्रेणियों को उनकी अवस्थिति के अनुसार उत्तर से दक्षिण व्यवस्थित कीजिए–**

**1. नन्दा देवी** **2. के-2**

**3. अनाईमुड़ी** **4. डोडाबेट्टा**

**नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर चुनिए–**

**कूट :**

(a) 2, 1, 3, 4 (b) 2, 1, 4, 3

(c) 3, 4, 2, 1 (d) 4, 3, 2, 1

**UP PSC ACF/RFO (Mains) 2019 Paper I**

**Ans. (b) :** प्रश्नगत भारत की पर्वत श्रेणियों का उनकी अवस्थिति के अनुसार उत्तर से दक्षिण क्रम निम्न प्रकार है–

के–2 (कश्मीर)→नन्दा देवी (उत्तराखण्ड)→डोडाबेट्टा (तमिलनाडु) → अनाईमुड़ी (केरल)।

**15. कुमाऊँ हिमालय निम्नलिखित में किन नदियों के बीच स्थित है?**

(a) सिन्धु और सतलज (b) काली और तिस्ता

(c) सतलज और काली (d) तिस्ता और ब्रह्मपुत्र

**UP PSC RO/ARO (Pre) Re-Exam 2016**

**Ans. (c) :** हिमालय क्षेत्र को चार प्रमुख प्रादेशिक भागों में बाँटा गया है। यह विभाजन घाटियों के आधार पर किया गया है। पश्चिम से पूर्व इसका विभाजन इस प्रकार है–

**पंजाब हिमालय–** सिंधु से सतलज नदी के मध्य वाले पर्वतीय भाग को पंजाब हिमालय कहते हैं। इसका विस्तार मुख्यतः जम्मू कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश में है।

**कुमाऊ हिमालय–** यह सतलज और काली नदी के बीच का क्षेत्र है। गंगा एवं यमुना नदी का उद्‌गम इसी क्षेत्र से होता है।

**नेपाल हिमालय–** यह काली नदी से तीस्ता नदी के बीच स्थित है। इसका अधिकांश हिस्सा नेपाल में है। हिमालय की सबसे ऊँची चोटियाँ इसी भाग में है। जैसे– माउंट एवरेस्ट, कंचनजंगा आदि।

**असम हिमालय**– यह तीस्ता नदी से ब्रह्मपुत्र नदी के बीच फैला है। इस भाग में नामचा बरवा, कुला कांगड़ी चोटियाँ स्थित है।

**16. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए।**

| | सूची-I | सूची-II |
|---|---|---|
| A. | नोकरेक | 1. उत्तराखण्ड |
| B. | अगस्त्यमलाई | 2. अरुणाचल प्रदेश |
| C. | नंदादेवी | 3. केरल |
| D. | दिहांग-दिबांग | 4. मेघालय |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

**UP PSC AE 2019**

**Ans. (a) :** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| नोकरेक | मेघालय |
| अगस्त्यमलाई | केरल |
| नंदादेवी | उत्तराखण्ड |
| दिहांग-दिबांग | अरुणाचल प्रदेश |

**17. वृहद् हिमालय को इस नाम से भी जाना जाता हैः**

(a) काराकोरम (b) हिमाद्रि
(c) हिमाचल (d) शिवालिक

**UP PSC COMPUTER ASSISTANT 2019**

**Ans. (b) :** वृहद हिमालय को हिमाद्रि या सर्वोच्च हिमालय या महान हिमालय के नाम से भी जाना जाता है। जिसका आंतरिक भाग आर्कियन शैलों (ग्रेनाइट, नीस तथा शिष्ट चट्टानों) तथा सिरे एवं पार्श्व भाग कायान्तरित अवसादी शैलों से निर्मित है। संसार की सर्वाधिक ऊँची चोटियां इसी श्रेणी में पाई जाती है। जैसे- माउंट एवरेस्ट, कंचनजंघा (भारत), धौलागिरि, अन्नपूर्णा, मकालू, नन्दा देवी (उत्तराखण्ड), त्रिशूल, बद्रीनाथ, नीलकंठ एवं केदारनाथ आदि। एवरेस्ट चोटी को पहले तिब्बती भाषा में 'चोमोलुग्मा' कहते थे जिसका अर्थ है 'पर्वतों की रानी'। इसे नेपाल में 'सागरमाथा' भी कहा जाता है।

**18. निम्नलिखित में से कौन-सी भारत की नवीनतम पर्वत श्रेणी है?**

(a) हिमाद्री श्रेणी (b) अरावली श्रेणी
(c) पश्चिमी घाट (d) विन्ध्याचल श्रेणी

**UP PSC (Pre) 2020**

**Ans. (a) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**19. हिमालय पर्यायवाची है–**

(a) महान् हिमालय का (b) मध्य हिमालय का
(c) शिवालिक का (d) ट्रांस-हिमालय का

**उत्तर-(a) UPPCS (Mains) Spl. G.S. I<sup>st</sup> Paper 2008**

**व्याख्या :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**20. नन्दा देवी शिखर स्थित है –**

(a) हिमाचल प्रदेश में (b) उत्तराखण्ड में
(c) उत्तर प्रदेश में (d) सिक्किम में

**उत्तर-(b) UPPCS (Pre) Opt. Geog. 2001**

**व्याख्या :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**21. निम्न प्रदेशों में से किस प्रदेश में इलायची पहाड़ियां स्थित हैं?**

(a) तमिलनाडु (b) कर्नाटक
(c) केरल (d) आन्ध्र प्रदेश

**UPPSC APS 2013**

**Ans. (a) :** इलायची (कार्डमम) की पहाड़ियाँ तमिलनाडु के दक्षिण पश्चिम एवं केरल के दक्षिणी पूर्वी हिस्से में अवस्थित है। ये केरल एवं तमिलनाडु के बीच सीमा पर स्थित भारत की सबसे दक्षिण में स्थित पहाड़ी है जबकि आयोग ने इसका विकल्प (a) सही माना है।

**22. कार्डमम पहाड़ियाँ जिनकी सीमाओं पर स्थित हैं, वे हैं -**

(a) कर्नाटक एवं तमिलनाडु (b) कर्नाटक एवं केरल
(c) केरल एवं तमिलनाडु (d) तमिलनाडु एवं आन्ध्र प्रदेश

**उत्तर-(c) UPPCS (Pre) G.S. 2008**
**UP Lower (Pre) Spl. G.S. 2008**

**व्याख्या :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**23. निम्नलिखित में से कौन-सी भारत की सबसे दक्षिणी पहाड़ी श्रृंखला है?**

(a) नीलगिरी पहाड़ी (b) सीरूमलाई पहाड़ी
(c) नल्लामलाई पहाड़ी (d) इलायची (कार्डमम) पहाड़ी

**UPPSC ACF/RFO 2021 Paper-I**

**Ans. (d) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**24. हिमालय पर्वत श्रेणी के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. **मुख्य हिमालय की परतदार चट्टानें जीवाश्म हीन है।**
2. **लघु हिमालय की परतदार चट्टानों में समुद्री जीव-जंतुओं के जीवाश्म मिलते हैं।**
3. **बाह्य हिमालय या शिवालिक हिमालय में मानव सभ्यता के अवशेष मिले हैं।**

**नीचे दिए कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिएः**

**कूट :**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) केवल 1, 2 और 3 सही है

**उत्तर–(d) UPPCS Pre-2019**

**व्याख्या–** मुख्य हिमालय श्रेणी का आन्तरिक भाग अजैविक चट्टानों से बना हुआ था। जिसके ऊपर परतदार चट्टानों की परत थी। परन्तु अपरदन के कारण वर्तमान समय में परतदार चट्टानें पूरी परह नष्ट हो गयी। ये चट्टानें ग्रेनाइट, नीस तथा शिष्ट आदि के रूप में मौजूद हैं। तथा लघु हिमालय की परतदार चट्टानों में समुद्री जीव जन्तुओं के जीवाश्म पायें जाते हैं एवं बाह्य या शिवालिक हिमालय में मानव सभ्यता के अवशेष भी प्राप्त हुए है। अतः कथन 1, 2 व 3 सभी सही हैं।

**25. मध्य भारत में स्थित पहाड़ियों का पश्चिम से पूर्व निम्नलिखित में से कौन-सा सही क्रम हैं?**

(a) मैकाल, सतपुड़ा, महादेव और छोटानागपुर
(b) सतपुड़ा, महादेव, मैकाल और छोटानागपुर
(c) मैकाल, महादेव, सतपुड़ा और छोटानागपुर
(d) सतपुड़ा, महादेव, छोटानागपुर और मैकाल

**उत्तर–(b)** **UPPCS Pre-2019**

**व्याख्या–** मध्य भारत में स्थित पहाड़ियों का पश्चिम से पूर्व क्रम इस प्रकार है—सतपुड़ा, महादेव, मैकाल और छोटा नागपुर।

**26. मणिपुर पहाड़ियों से घिरा 'इंफाल बेसिन' एक सुंदर उदाहरण है**

(a) सरोवरीय मैदान का (b) लोयस मैदान का
(c) हिमनदीय मैदान का (d) जलोढ़ मैदान का

**उत्तर–(a)** **UPPCS Pre-2019**

**व्याख्या–**मणिपुर पहाड़ियों से घिरा 'इंफाल बेसिन' एक सुन्दर सरोवरीय मैदान का उदाहरण है। सरोवरीय मैदान किसी पूर्ववर्ती झील के स्थान पर निर्मित मैदान जो मलवा के जमा होते रहने से उसकी तली में उत्थान होने तथा जल के सूख जाने के परिणामस्वरूप बनता है।

**27. कंचनजंगा शिखर स्थित हैः**

(a) नेपाल में (b) चीन में
(c) भारत में (d) भूटान में

**UPPSC Ashram Paddit 2009**

**Ans : (c)** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**28. सूची-I और सूची-II का मिलान कीजिए और सूची के नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए।**

| सूची-I राज्य | सूची-II सबसे ऊँची चोटी |
|---|---|
| A. केरल | 1. दोड्डाबेट्टा |
| B. नागालैण्ड | 2. नन्दादेवी |
| C. उत्तराखण्ड | 3. अनाईमुडि |
| D. तमिलनाडु | 4. सारामति |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**उत्तर-(c)** **UPPCS (Pre) 2018**

**व्याख्या–** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है–

| **(राज्य)** | | **(सबसे ऊँची चोटी)** |
|---|---|---|
| केरल | – | अनाईमुडी |
| नागालैण्ड | – | सारामती |
| उत्तराखण्ड | – | नन्दादेवी |
| तमिलनाडु | – | दोड्डाबेट्टा |

अतः विकल्प (c) सही सुमेलित है।

**29. पश्चिमी घाट के सम्बन्ध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए :**

1. यह एक भ्रंशोत्थ पर्वत है।
2. इसका पूर्वी ढाल क्रमशः नीचा होता हुआ पठार है।
3. इसका उत्तरी खण्ड लावा (बेसाल्ट) से आच्छादित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही है।**

(a) 1 तथा 2 (b) 2 तथा 3
(c) 1 तथा 3 (d) 1, 2 तथा 3

**उत्तर-(d)** **UPPSC RO/ARO Mains 2017**

**व्याख्या–** पश्चिमी घाट एक भ्रंशोत्थ पर्वत हैं इसका विस्तार उत्तर में ताप्ती नदी के मुहाने से लेकर दक्षिण में कन्याकुमारी अन्तरीप तक पाया जाता है। इसका पूर्वी ढाल क्रमशः नीचा होता हुआ पठार है। इसका उत्तरी खण्ड लावा (बेसाल्ट) से आच्छादित है। पश्चिमी घाट एक वास्तविक पर्वत श्रेणी नहीं है वरन् प्रायद्वीपीय पठार का ही एक भ्रंश कगार है जोकि अफ्रीका से भारत के अलग होते समय उत्पन्न हुआ था।

**30. निम्न में से कौन हिमालय की चोटियों के पूर्व से पश्चिम दिशा में सही क्रम को प्रस्तुत करता है?**

(a) धौलागिरि, कंचनजंगा, मकालू, माउण्ट एवरेस्ट
(b) नामचा बरवा, कंचनजंगा, नन्दादेवी, माउण्ट एवरेस्ट
(c) मकालू, धौलागिरि, कुमायूँ, नामचा बरवा
(d) नामचा बरवा, कंचनजंगा, माउण्ट एवरेस्ट, नन्दादेवी

**उत्तर-(d)** **UPPCS (Mains) Spl. G.S. I^st Paper 2008**

**व्याख्या :** हिमालय की चोटियों के पूर्व से पश्चिम दिशा में सही क्रम इस प्रकार है– नामचा बरवा, कंचनजंगा, माउण्ट एवरेस्ट तथा नन्दादेवी।

**31. उत्तर प्रदेशीय हिमालय का सर्वोच्च शिखर है—**

(a) चौखम्बा (b) धौलागिरि
(c) नन्दा देवी (d) त्रिशूल

**उत्तर-(c)** **UPPCS (Pre) G.S. 1996**

**व्याख्या :** यह महान हिमालय में स्थित हैं। उत्तर प्रदेशीय हिमालय का सर्वोच्च शिखर नन्दा देवी (7817 मी.) है। प्रश्न काल के समय यह उत्तर प्रदेश का भाग था। जबकि वर्तमान समय में यह उत्तराखण्ड का भाग है।

**32. निम्नलिखित पर्वत श्रेणियों को उत्तर-दक्षिण क्रम में व्यवस्थित कीजिए तथा कूट से सही उत्तर चुनिये :**

1. धौलाधर 2. लद्दाख
3. पीर पंजाल 4. जास्कर

**कूट :**

(a) 2, 4, 1, 3 (b) 4, 2, 1, 3
(c) 2, 4, 3, 1 (d) 4, 2, 3, 1

**उत्तर-(c)** **UPPCS (Pre) Opt. Geog. 2008**

**व्याख्या :** हिमालय के उत्तर में फैली हुई पर्वतमालाओं को जम्मू-कश्मीर में ट्रान्स हिमालय के नाम से जाना जाता है। हिमालय पर्वत श्रेणी का सबसे उत्तर से दक्षिण क्रम क्रमशः काराकोरम, लद्दाख, जास्कर,पीरपंजाल तथा धौलाधर। अतः विकल्प (c) सही है।

**33. निम्नलिखित में से कौन एक युग्म सुमेलित नहीं है?**

(a) पीर पंजाल – लघु हिमालय
(b) पोटवार – कुमाऊँ हिमालय
(c) K2 – काराकोरम
(d) करेवा – कश्मीर घाटी

**उत्तर-(b)** **UPPCS (Pre) Opt. Geog. 2010**

**व्याख्या :** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है –

| | | |
|---|---|---|
| पीरपंजाल | – | लघु हिमालय |
| पोटवार | – | पाकिस्तान पठार |
| के2 | – | काराकोरम की पर्वत चोटी |
| करेवा | – | कश्मीर घाटी में स्थित उपजाऊ मैदान |

**34. निम्नलिखित में से कौन महाराष्ट्र में नहीं स्थित है?**

(a) बालाघाट श्रेणी (b) हरिश्चन्द्र श्रेणी
(c) माण्डव पहाड़ियाँ (d) सतमाला पहाड़ियाँ

**उत्तर-(c)** **UPPCS (Pre) GS, 2011**

**व्याख्या :** माण्डव की पहाड़ियाँ गुजरात राज्य में अवस्थित है जबकि महाराष्ट्र में बालाघाट, हरिश्चन्द्र तथा सतमाला की पहाड़ियाँ अवस्थित हैं।

**35. नीचे दिए गए कूट से निम्नलिखित पहाड़ियों का दक्षिण से उत्तर की ओर बढ़ते हुए सही अवस्थित अनुक्रम चुनिए:**

1. सतमाला पहाड़ियाँ 2. कैमूर पहाड़ियाँ
3. पीर पंजाल श्रेणी 4. नागा पहाड़ियाँ

**कोड :**

(a) 2, 3, 1, 4 (b) 1, 2, 4, 3
(c) 1, 2, 3, 4 (d) 4, 3, 2, 1

**उत्तर-(b)** **UPPCS (Mains) Ist Paper GS, 2015**

**व्याख्या :** सतमाला पहाड़ियाँ महाराष्ट्र में स्थित है, जो कि राज्य के उत्तरी भाग में स्थित है और पश्चिमी घाट की ऊपरी शाखा है। कैमूर पहाड़ियों का विस्तार मध्य प्रदेश, बिहार एवं उत्तर प्रदेश तक है। यह विन्ध्य पर्वत श्रेणी का पूर्वी हिस्सा है। पीरपंजाल लघु हिमालय की सबसे पश्चिम में स्थित पर्वत श्रेणी है। यह जम्मू को कश्मीर से अलग करती है।
नागा पहाड़ी नागालैण्ड में स्थित है। इसकी सर्वोच्च शिखर सारामती है। यह भारत और म्यांमार की सीमा पर लगने वाली पर्वत श्रृंखला है।

**36. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा कूट से सही उत्तर चुनिये :**

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| A. डोड्डाबेट्टा | 1. हिमाचल पर्वत |
| B. त्रिशूल | 2. नीलगिरी पहाड़ियाँ |
| C. माउण्ट आबू | 3. मैकाल श्रेणी |
| D. अमरकंटक | 4. अरावली पर्वत |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (d) | 2 | 4 | 3 | 1 |

**उत्तर-(a)** **UPPCS (Pre) Opt. Geog. 2008**

**व्याख्या :** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|
| डोड्डाबेट्टा | - | नीलगिरी पहाड़ियां |
| त्रिशूल | - | हिमाचल पर्वत |
| माउण्ट आबू | - | अरावली पर्वत |
| अमरकंटक | - | मैकाल श्रेणी |

अतः विकल्प (a) सुमेलित है।

**37. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :**

| **सूची-I (पहाड़ियाँ)** | **सूची-II (राज्य)** |
|---|---|
| A. गारो | 1. मेघालय |
| B. मिरी | 2. तमिलनाडु |
| C. कोल्लीमलाई | 3. अरुणाचल प्रदेश |
| D. डालमा | 4. झारखण्ड |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

**उत्तर (a)** **UP RO/ARO (Pre) 2017**

**व्याख्या-** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है–

| **पहाड़ियाँ** | **राज्य** |
|---|---|
| गारो | मेघालय |
| मिरी | अरुणाचल प्रदेश |
| कोल्लीमलाई | तमिलनाडु |
| डालमा | झारखण्ड |

अतः विकल्प (a) सही सुमेलित है।

**38. निम्नलिखित पहाड़ियों में से कौन सी पूर्वी घाट एवं पश्चिमी घाट के मिलन स्थल को बनाती है?**

(a) अन्नामलाई पहाड़ियाँ (b) पालनी पहाड़ियाँ
(c) नीलगिरी पहाड़ियाँ (d) नन्दी पहाड़ियाँ

**उत्तर-(c)** **UPPCS (Mains) Ist Paper GS, 2015**

**व्याख्या :** नीलगिरी भारत के दक्षिणी भाग में स्थित एक पर्वतमाला है जिसका विस्तार केरल, कर्नाटक तथा तमिलनाडु राज्यों में है। इसी पर्वतमाला में पूर्वी तथा पश्चिमी घाटों का संगम होता है। इस पर्वतमाला की सर्वोच्च चोटी डोड्डाबेट्टा (2637 मी.) है।

**39. भारतीय प्रायद्वीप की सबसे ऊँची चोटी है :**

(a) उटकमण्ड (b) अनाईमुडी
(c) डोड्डाबेट्टा (d) महाबलेश्वर

**उत्तर-(b)** **UPPCS (Pre) GS, 2012, 2005**
**UP RO/ARO (Pre) G.S. 2013**
**UPPCS (Pre.) G.S. 2016**

**व्याख्या :** भारतीय प्रायद्वीप की सबसे ऊँची चोटी अनाईमुडी है, जो अन्नामलाई पहाड़ी पर स्थित है तथा इसकी ऊँचाई 2695 मीटर है। भारतीय प्रायद्वीप की दूसरी सर्वोच्च चोटी दोदाबेट्टा (2637 मी.) है, जो तमिलनाडु में नीलगिरी पर स्थित है।

**40. भारतीय प्रायद्वीप की सबसे ऊँची पर्वत चोटी है-**

(a) उटकमण्ड (b) अनाईमुडि
(c) डोडाबेट्टा (d) महाबलेश्वर

**UP PSC ACF/RFO (Mains) 2019 Paper I**

**Ans. (b) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**41. निम्नलिखित राज्यों में से कौन सा पटकोई पहाड़ियों से संलग्न नहीं है?**

(a) नागालैण्ड (b) त्रिपुरा
(c) मणिपुर (d) मिजोरम

**उत्तर-(b)** **UPPCS (Mains) Ist Paper GS, 2015**

**व्याख्या :** पटकोई पहाड़ियों का विस्तार नागालैण्ड, मणिपुर एवं मिजोरम राज्यों में है। त्रिपुरा राज्य इससे संलग्न नहीं है।

**42. महाराष्ट्र में पश्चिमी घाट को किस नाम से जाना जाता है?**

(a) नीलगिरि पहाड़ियाँ (b) कार्डेमम पहाड़ियाँ
(c) सह्याद्रि पहाड़ियाँ (d) अन्नामलाई पहाड़ियाँ

**UP PSC ACF/RFO (Mains) 2019 Paper I**

**Ans. (c) :** भारत के पश्चिमी तट पर स्थित पर्वत शृंखला को पश्चिमी घाट या सह्याद्रि कहते है। दक्कन पठार के पश्चिमी किनारे के साथ-साथ यह पर्वत शृंखला उत्तर से दक्षिण की तरफ 1600 किलोमीटर की लम्बाई में विस्तृत है।

**43. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

(a) गढ़जात पहाड़ियाँ – ओडिशा
(b) माण्डव पहाड़ियाँ – महाराष्ट्र
(c) नल्लामलाई पहाड़ियाँ – आन्ध्र प्रदेश
(d) शेवरॉय पहाड़ियाँ – तमिलनाडु

**उत्तर-(b)** **UPPCS (Mains) G.S. Ist Paper 2011**

**व्याख्या :** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है–

| **पहाड़ियाँ** | **राज्य** |
|---|---|
| गढ़जात पहाड़ियाँ | – ओडिशा |
| माण्डव पहाड़ियाँ | – गुजरात |
| नल्लामलाई पहाड़ियाँ | – आंध्र प्रदेश |
| शेवरॉय पहाड़ियाँ | – तमिलनाडु |

**44. 'नंगा पर्वत' अवस्थित है**

(a) उत्तराखंड में (b) हिमाचल प्रदेश में
(c) जम्मू एवं कश्मीर में (d) मेघालय में

**उत्तर-(c)** **UPPSC Asst. Forest Conservator Exam. 2015**

**व्याख्या :** नंगा पर्वत जम्मू-कश्मीर राज्य में अवस्थित है। नंगा पर्वत हिमालय पर्वत शृंखला के सुदूर पश्चिम भाग में स्थित है। इसकी ऊंचाई 8126 मी. है।

**45. जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर जवाहर सुरंग संबंधित है-**

(a) पीर पंजाल श्रेणी से (b) काराकोरम श्रेणी से
(c) जास्कर श्रेणी से (d) त्रिकुटा श्रेणी से

**उत्तर-(a)** **UPPCS (Pre) Opt. Geog. 2004**

**व्याख्या :** जवाहर या बनिहाल सुरंग भारत के जम्मू–कश्मीर राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग–44 पर बनिहाल और काजीगुंड के बीच पीरपंजाल पर्वत श्रेणी में स्थित है। इसका निर्माण 1954 में आरम्भ हुआ था तथा यह 2.85 किमी. लम्बी सुरंग वर्ष भर जम्मू और श्रीनगर के बीच यातायात सुलभ कराती है।

**46. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में सबसे अधिक ऊँचाई वाली चोटी कौन है?**

(a) सैडल पीक (b) माउंट थुलियर
(c) माउंट डियोवोली (d) माउंट कोयोबो

**उत्तर-(a)** **UPPCS (Pre) G.S. 2009**

**व्याख्या :** अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में सबसे ऊँची चोटी सैडल पीक (732 मीटर) है।
अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह की प्रमुख चोटियाँ इस प्रकार है-

| | |
|---|---|
| माउंट थुलियर | 642 मीटर |
| माउंट डियोवोली | 515 मीटर |
| माउंट कोयोबो | 460 मीटर |
| माउंट हैरियट | 450 मीटर |

**47. निम्नलिखित पर्वत शिखरों में कौन सा एक भारत में अवस्थित नहीं है?**

(a) गोसाईथान (b) कामेत
(c) नंदादेवी (d) त्रिशूल

**उत्तर-(a)** **UPPCS (Mains) G.S. Ist Paper, 2005)**

**व्याख्या :** कुमायूं हिमालय में बद्रीनाथ, केदारनाथ, त्रिशूल, माना, गंगोत्री, नन्दादेवी तथा कामेत आदि चोटियां स्थित हैं जबकि गोसाईथान शिखर चीन में अवस्थित है।

**48. निम्नलिखित में से कौन सबसे नवीन पर्वत श्रेणी है?**

(a) विंध्य (b) अरावली
(c) शिवालिक (d) अन्नामलाई

**उत्तर-(c)** **UP UDA/LDA (Pre) G.S. 2010**

**व्याख्या :** शिवालिक श्रेणी हिमालय की सबसे नवीन पर्वत श्रेणी है यह पंजाब में पोतवार बेसिन के दक्षिण से आरम्भ होकर पूर्व की ओर कोसी नदी तक फैली है। इसका निर्माण काल मध्य मायोसीन से निम्न प्लीस्टोसीन काल माना जाता है। यह बालू, कंकड़ तथा संपीडनात्मक शैल की मोटी परतों से निर्मित है।

**49. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये एवं नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये -**

| **सूची-I (पर्वत क्रम)** | **सूची-II (प्रकार)** |
|---|---|
| A. हिमालय | 1. भ्रंशोत्थ |
| B. सह्याद्रि | 2. वलित |
| C. राजमहल | 3. अवशिष्ट |
| D. नीलगिरी | 4. ज्वालामुखी |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

**उत्तर-(c)** **UPPCS (Pre) Opt. Geog. 2004**

**व्याख्या :** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| **(पर्वत क्रम)** | **(प्रकार)** |
|---|---|
| हिमालय | वलित |
| सह्याद्रि | भ्रंशोत्थ |
| राजमहल | ज्वालामुखी |
| नीलगिरी | अवशिष्ट |

अतः विकल्प (c) सही सुमेलित है।

**50. सूची-I तथा सूची-II का सुमेल कीजिए तथा सही उत्तर कूट से चुनिए :**

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (a) मध्य भारत | 1. अरावली |
| (b) तमिलनाडु | 2. विन्ध्य |
| (c) राजस्थान | 3. राजमहल |
| (d) झारखण्ड | 4. नीलगिरि |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

**उत्तर-(a)** **UPPCS (Pre) G.S. 2001**

**व्याख्या :** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|
| मध्य भारत | - | विन्ध्य |
| तमिलनाडु | - | नीलगिरि |
| राजस्थान | - | अरावली |
| झारखण्ड | - | राजमहल |

अतः विकल्प (a) सही सुमेलित है।

**51. धौलाधर तथा पीरपंजाल की महत्वपूर्ण श्रेणियां अवस्थित हैं-**

(a) ट्रांस हिमालय में (b) महान् हिमालय में
(c) लघु हिमालय में (d) बाह्य हिमालय में

**उत्तर-(c)** **UPPCS (Pre) G.S. 2002**

**व्याख्या :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**52. राजस्थान मरुस्थल अथवा थार मरुस्थल निम्नलिखित में किसका विस्तार है?**

(a) प्लायोसीन (b) पैलियोसीन
(c) प्लीस्टोसीन एवं अभिनव जमाव (d) ओलिगोसीन

**UPPCS (Pre)-2018**

**Ans : (c)** राजस्थान मरुस्थल अथवा थार मरुस्थल प्लीस्टोसीन एवं अभिनव जमाव का विस्तार है। अत: विकल्प (c) सही है।

## B. पठारी एवं मैदानी क्षेत्र

**53. निम्नलिखित में कौन अक्साई चिन का भाग है -**

(a) काराकोरम श्रेणी (b) शिवालिक श्रेणी
(c) कश्मीर घाटी (d) लद्दाख पठार

**उत्तर-(d)** **UPPCS (Pre) G.S. 1995**

**व्याख्या :** लद्दाख पठार अक्साई चीन का भाग है। अक्साई चिन, क्षेत्र पर नियंत्रण को लेकर भारत एवं चीन में गहरा विवाद है, वर्तमान समय में इस क्षेत्र पर चीन का नियंत्रण है।

**54. `दण्डकारण्य' प्रदेश स्थित नहीं है–**

(a) आन्ध्र प्रदेश (b) छत्तीसगढ़ में
(c) मध्य प्रदेश में (d) ओडिशा में

**उत्तर-(c)** **UPPCS (Pre) G.S. 2004**
**UPPCS (Mains) Spl. G.S. Ist Paper 2008**

**व्याख्या :** दण्डकारण्य प्रदेश पूर्वी पठार का भौतिक क्षेत्र है जिसका विस्तार ओडिशा (कोरापुट व कालाहाण्डी जिला), छत्तीसगढ़ (बस्तर जिला) और आंध्र प्रदेश (पूर्वी गोदावरी, विशाखापत्तनम और श्री काकुलम जिला) राज्यों में लगभग 89078 वर्ग किमी. क्षेत्रफल पर है।

**55. निम्नांकित राज्यों में से कौन छोटा नागपुर पठार का भाग नहीं है?**

(a) बिहार (b) झारखण्ड
(c) ओडिशा (d) पश्चिम बंगाल

**उत्तर-(a)** **UPPCS (Pre) G.S. 2004**

**व्याख्या :** छोटा नागपुर पठार मुख्यतः झारखण्ड के पलामू, हजारीबाग, गिरिडीह, संथाल परगना, धनबाद, राँची, लोहरदगा, गुमला तथा सिंहभूमि जनपदों एवं पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जनपद को समाहित किए हुए हैं। इसके अलावा ओडिशा में महानदी के उत्तर तक इसका विस्तार है। अतः यह बिहार का भाग नहीं है।

**56. निम्नलिखित में कौन सुमेलित नहीं है?**

(a) मध्य प्रदेश — छत्तीसगढ़ मैदान
(b) बिहार — छोटानागपुर पठार
(c) महाराष्ट्र — वृष्टिछाया प्रदेश
(d) आन्ध्र प्रदेश — मलनाड

**उत्तर-(d)** **UPPCS (Pre.) G.S. 2000**

**व्याख्या :** सही सुमेलन इस प्रकार है-

| | | |
|---|---|---|
| छत्तीसगढ़ का मैदान | – | छत्तीसगढ़ |
| छोटानागपुर का पठार | – | झारखण्ड |
| वृष्टिछाया प्रदेश | – | महाराष्ट्र |
| मलनाड | – | कर्नाटक |

**57. मेघालय का पठार भाग है –**

(a) हिमालय श्रेणी का (b) प्रायद्वीपीय खण्ड का
(c) पूर्वी घाट पर्वतों का (d) सतपुड़ा श्रेणी का

**उत्तर-(b)** **UP RO/ARO (Pre) G.S. 2013**

**व्याख्या :** गंगा-सिन्धु मैदान के दक्षिण में फैली त्रिभुजाकार क्षेत्र को प्रायद्वीपीय खण्ड कहा जाता है और मेघालय का पठार इसी प्रायद्वीपीय खण्ड का भाग है।

**58. उत्तर भारत में उप हिमालय क्षेत्र के सहारे फैले समतल मैदान को कहा जाता है –**

(a) तराई (b) दून
(c) खादर (d) भाबर

**उत्तर-(d)** **UPPCS (Pre) G.S. 2007**

**Ans. (b)** उत्तर भारत में उप हिमालय क्षेत्र के सहारे फैले समतल मैदान को भाबर कहा जाता है। यह 8 से 10 किलोमीटर चौड़ाई में फैला हुआ है जो शिवालिक गिरिपाद के समानान्तर विस्तारित है। इस मैदान में हिमालय पर्वत से निकलने वाली नदियाँ बड़ी मात्रा में पत्थर, कंकड़, बजरी आदि लाकर जमा कर देती है।

**59. भाबर उदाहरण है –**

(a) पैनप्लेन का (b) गिरिपद मैदान का
(c) मृत्तिका मैदान का (d) डेल्टाई मैदान का

**उत्तर-(b)** **UPPCS (Pre) Opt. Geog. 2007**

**व्याख्या :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**60. नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं जिनमें एक को कथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है।**

**कथन (A)**–राजस्थान भारत के वृहत मैदान का विस्तार है।

**कारण (R)**–अरावली श्रेणियाँ दक्कन पठार की उत्तरी-पश्चिमी सीमा बनाती है।

**ऊपर के दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा एक सही हैः–**

(a) दोनों कथन तथा कारण सहीं हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।
(b) A तथा R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है परन्तु R गलत है।
(d) A गलत है परन्तु R सही है।

**UPPCS Tax Inspector-1997**

**Ans. (b)** राजस्थान भारत के वृहत मैदान का विस्तार है तथा अरावली श्रेणियां दक्कन पठार की उत्तरी पश्चिमी सीमा बनाती है। अरावली भारत के पश्चिमी भाग राजस्थान में स्थित एक पर्वतमाला है। यह भारत की सबसे प्राचीन पर्वत शृंखला है। कथन और कारण दोनों सही है लेकिन कारण(R), कथन (S) की व्याख्या नहीं कर रहा है।

**61. निम्नलिखित में से भारत का कौन प्राचीनतम भाग है?**

(a) हिमालय पर्वत श्रेणी (b) गंगा का मैदान
(c) तटीय मैदान (d) दक्कन का पठार

**UPPSC AE G.S.- 2011**

**Ans. (d) :** दक्कन के पठार का निर्माण मेसोजोइक महाकल्प के क्रिटैशियस युग में हुआ था। इस क्षेत्र में 600 से 3000 मीटर तक बेसाल्टिक लावा का जमाव मिलता है। इसके अपरदन से काली मृदा का निर्माण हुआ है।

# 03.

# अपवाह तंत्र
# (DRAINAGE SYSTEM)

## A. सिंधु नदी

**1. सिन्धु नदी का उद्गम है:**

(a) हिमालय शृंखला में

(b) काराकोरम शृंखला में

(c) हिन्दुकुश शृंखला में

(d) कैलाश शृंखला में

**UPPSC GDC 2013**

**Ans : (d)** कैलाश पर्वत श्रेणी तिब्बत में स्थित है तथा इसी श्रेणी में स्थित 'बोखर चू' हिमनद से सिन्धु नदी का उदगम होता है। भारत में हिमालय की नदियों में यह सबसे पश्चिमी नदी है। इसकी सहायक नदियाँ है- झेलम, चिनाब रावी, ब्यास, सतलज, जास्कर, गोमल, द्रास, श्योक, शिगार, कुर्रम, काबुल तथा गिलगिट। भारत-पाकिस्तान के मध्य हुए सिन्धु जल समझौते के अन्तर्गत भारत सिन्धु व उसकी सहायक नदियों में झेलम और चिनाब के 20% जल का उपयोग कर सकता है।

**2. निम्न नदियों में से किसका उद्गम भारत में नहीं है?**

(a) ब्यास (b) चिनाब

(c) सतलज (d) रावी

**UPPSC (Pre) G.S.-2013**
**UPPSC AE G.S.-2007**

**Ans. (c) :** सतलज नदी तिब्बत के पठार की 'राकस ताल' झील से निकलती है जहाँ इसे 'लाँगचेन खम्बाब' के नाम से जाना जाता है। यह भारत में प्रवेश करने से पहले लगभग 400 किमी. तक सिन्धु के समानांतर प्रवाहित होती है तथा 'शिपकीला दर्रे' से होकर भारत में प्रवेश करती है। जबकि ब्यास, चिनाब, रावी नदी का उद्गम भारत में होता है।

**3. निम्न नदियों में से कौन सी एक हिमालय की तीनों श्रेणियों को आर-पार काटती है?**

(a) रावी (b) सतलज

(c) चिनाब (d) झेलम

**उत्तर-(b)** **UPPCS (Mains) G.S. Ist Paper 2012**
**UP RO/ARO (M) G.S. 2014**

**व्याख्या :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**4. निम्नलिखित नदियों में किनके मध्य 'बिस्ट दोआब' फैला हुआ है?**

(a) रावी एवं ब्यास (b) ब्यास एवं सतलज

(c) झेलम एवं चिनाब (d) चिनाब एवं रावी

**UPPSC AE G.S.- 2011**

**Ans. (b) :** किसी स्थान पर परस्पर मिलने वाली दो नदियों के बीच में स्थित मैदानी भाग को दोआब कहा जाता है। सतलज और ब्यास नदी के बीच का दोआब बिस्ट दोआब कहलाता है।

| दोआब | नदी क्षेत्र |
|---|---|
| बिस्ट दोआब | व्यास-सतलज के बीच |
| बारी दोआब | व्यास-रावी के बीच |
| रचना दोआब | रावी-चिनाब के बीच |
| चाज दोआब | चिनाब-झेलम के बीच |
| सिंध सागर दोआब | झेलम-सिन्धु के बीच |

**5. निम्नलिखित में से कौन सी नदी कश्मीर के प्रदेश में सिंधु से नहीं मिलती हैं?**

(a) हुंजा (b) नूब्रा

(c) अस्कर (d) झेलम

**UPPCS Ashram Paddit 2015**

**Ans : (d)** झेलम नदी (वितस्ता नदी) उत्तर भारत में बहने वाली एक नदी है। यह पीर पंजाल पर्वत की पदस्थली में स्थित बेरी-नाग (शेषनाग) झरने से निकल भारत-पाक सीमा के लगभग समानांतर बहती हुई पाकिस्तान में झंग के निकट चिनाब नदी से मिल जाती है। इसकी सहायक नदी किशनगंगा है।

**6. निम्नांकित नदियों में से कौन सी एक उत्तर प्रदेश से नहीं गुजरती है?**

(a) गंगा (b) यमुना

(c) रामगंगा (d) झेलम

**उत्तर-(d)** **UPPCS (Mains) G.S. I[st] 2004**

**व्याख्या :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**7. किशनगंगा एक सहायक नदी है –**

(a) रावी की (b) चिनाब की

(c) झेलम की (d) व्यास की

**उत्तर-(c)** **UPPCS (Main) G.S. I[st] 2013**

**व्याख्या :**उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**8. निम्नलिखित नदियों में से कौन सी एक लद्दाख एवं जास्कर पर्वत श्रेणियों के मध्य से प्रवाहित होती है?**

(a) चिनाब (b) सिन्धु

(c) झेलम (d) सतलज

**उत्तर-(b)** **UPPCS (Pre) Opt. Geog. 2006, 2004**

**व्याख्या :** सिन्धु नदी लद्दाख एवं जास्कर पर्वत श्रेणियों के मध्य से होकर प्रवाहित होती है जो भारतीय उपमहाद्वीप का एक महत्त्वपूर्ण अपवाह तंत्र है। इसकी कुल लम्बाई 2880 किमी. है तथा भारत में इसकी लम्बाई 1114 किमी. है। भारतीय उपमहाद्वीप में सिन्धु सबसे पश्चिमी नदी तंत्र है जिसका उद्गम 'बोखर–चू–हिमनद' से होता है, जो कैलाश पर्वत श्रेणी के उत्तरी ढाल पर स्थित है। सिन्धु की सबसे बड़ी सहायक नदी चिनाब व अन्य प्रमुख सहायक नदियाँ झेलम, सतलज, ब्यास, रावी आदि है। यह तिब्बत (चीन), भारत व पाकिस्तान से प्रवाहित होते हुए अरब सागर में मिल जाती है।

**9. निम्नलिखित नदियों में से किनके श्रोत बिन्दु (Point of origin) लगभग एक ही हैं?**

(a) ब्रह्मपुत्र और गंगा (b) तापी और ब्यास
(c) ब्रह्मपुत्र और सिंधु (d) सिंधु और गंगा

**उत्तर-(c)** **UPPCS (Pre) G.S. 2006**

**व्याख्या :** ब्रह्मपुत्र व सिन्धु नदियों का उद्गम बिन्दु लगभग एक ही है। सिन्धु नदी व ब्रह्मपुत्र नदी दोनों का उद्गम मानसरोवर झील के निकट स्थित 'बोखर चू' व 'चेमायुंगडुंग' हिमनदों से होता है। ब्रह्मपुत्र नदी को तिब्बत में 'सांग पो', भारत में 'दिहांग' व 'ब्रह्मपुत्र' तथा बांग्लादेश में 'जमुना' के नाम से जाना जाता है। असम घाटी में प्रवेश करने के पश्चात् यह नदी कई द्वीपों का निर्माण करती है जिसमें विश्व का सबसे बड़ा नदी द्वीप **'माजुली'** प्रमुख है जिसे असोम सरकार द्वारा अब जिले के रूप में मान्यता प्रदान कर दी गई है। भारत में ब्रह्मपुत्र की प्रमुख सहायक नदियाँ मानस, दिबांग, बूढ़ी दिहांग, लोहित, धनश्री, कपिली, जिया भरेली आदि है। बांग्लादेश में ब्रह्मपुत्र की मुख्य सहायक नदी तीस्ता है जिसके संगम के पश्चात् यह 'पद्मा' (गंगा) में मिल जाती है जो आगे प्रवाहित होते हुए बंगाल का खाड़ी में गिरने से पहले विश्व का सबसे बड़ा डेल्टा **'सुन्दरवन डेल्टा'** का निर्माण करती है।

**10. लेह अवस्थित है –**

(a) झेलम नदी के दायें तट पर
(b) झेलम नदी के बायें तट पर
(c) सिन्धु नदी के दायें तट पर
(d) सिन्धु नदी के बायें तट पर

**उत्तर-(c)** **UP RO/ARO (Pre) G.S. 2013**

**व्याख्या :** लेह जिला केन्द्रशासित प्रदेश लद्दाख में स्थित है। यह समुद्र तल से 115,00 फीट की ऊँचाई पर श्रीनगर से 160 मील पूर्व तथा यारकंद से लगभग 300 मील दक्षिण, लद्दाख पर्वत श्रेणी के आँचल में, ऊपरी सिन्धु के दाहिने तट से 4 मील दूर स्थित है। यहाँ पर एशिया की सर्वाधिक ऊँची मौसमी वेधशाला है।

## B. ब्रह्मपुत्र नदी

**11. निम्नलिखित में से किस नदी में 'माजुली नदीय द्वीप' स्थित है?**

(a) कृष्णा (b) ब्रह्मपुत्र
(c) गोदावरी (d) सिंधु

**UPPSC Poly Lecturer 2021**

**Ans. (b) :** माजुली नदीय द्वीप ब्रह्मपुत्र नदी में स्थित है। यह द्वीप असोम में है। माजुली को विश्व का सबसे बड़ा नदीय द्वीप की संज्ञा प्राप्त है। वर्ष 2016 में माजुली को जिले का दर्जा दे दिया गया है। माजुली का शाब्दिक अर्थ होता है- 'पानी से घिरा हुआ क्षेत्र'। माजुली विश्व धरोहर स्थल की सूची में भी शामिल है।

**12. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिसमें से एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है :**

**अभिकथन (A) :** तिस्ता नदी पहले गंगा की सहायक नदी थी आजकल वह ब्रह्मपुत्र की सहायक नदी हैः

**कारण (R) :** नदी अपहरण हिमालय की नदियों का एक प्रमुख गुण है।

**नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए।**

**कूट :**

(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) सत्य है, किन्तु (R) गलत है
(d) (A) गलत है, किन्तु (R) सत्य है

**UPPSC (Pre) 2021**

**Ans. (a) :** नदी अपहरण हिमालय की नदियों का एक प्रमुख गुण है इसका सर्वोत्तम उदाहरण तिस्ता नदी है जो पहले गंगा नदी की सहायक नदी थी परन्तु 1787 के आकस्मिक बाढ़ में तिस्ता नदी अपना मार्ग बदलकर वर्तमान में ब्रम्हपुत्र नदी में मिल गयी। तिस्ता नदी ब्रम्हपुत्र की सबसे पश्चिमी दाहिनी तट की सहायक नदी है जो कंचनजंगा से निकलकर दार्जिलिंग की पहाड़ियों से प्रवाहित होते हुए आगे बढ़ती है जिसमें रांगपों, रंगीत तथा सेबक जैसी सहायक नदियां आकर मिलती है। अतः स्पष्ट है कि (A) और (R) दोनों सत्य है और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

**13. हिमालय में ब्रह्मपुत्र नदी उदाहरण है :**

(a) पूर्ववर्ती अपवाह का (b) अनुवर्ती अपवाह का
(c) परवर्ती अपवाह का (d) अध्यारोपित अपवाह का

**उत्तर-(a)** **UPPCS (Pre) Opt. Geog. 2009**

**व्याख्या :** हिमालय में ब्रह्मपुत्र नदी पूर्ववर्ती अपवाह का उदाहरण है क्योंकि पूर्ववर्ती सरिता उसे कहते है जिनका आविर्भाव स्थलखंड के उत्थान के पहले हो चुका है। भारत में सिन्धु, ब्रह्मपुत्र, सतलज आदि नदियाँ इसके उदाहरण है। ब्रह्मपुत्र नदी का उद्गम स्थल 'चेमायुंगडुंग' हिमानी है जो तिब्बत में हिमालय पर्वत की कैलाश श्रेणी में करीब 5150 मी. की ऊँचाई पर स्थित है।

**14. संकोश नदी सीमा बनाती है -**

(a) बिहार एवं पश्चिम बंगाल के बीच
(b) असम एवं अरुणाचल प्रदेश के बीच
(c) असम एवं पश्चिम बंगाल के बीच
(d) बिहार एवं झारखण्ड के बीच

**उत्तर-(c)** **UPPCS (Main) G.S. Ist Paper 2007)**

**व्याख्या :** संकोश नदी उत्तरी भूटान से निकलती है। यह असोम एवं पश्चिम बंगाल के बीच सीमा बनाती हुई ब्रह्मपुत्र नदी से असोम में मिल जाती है। भारत की सहायता से भूटान में संकोश परियोजना की स्थापना की गई, जो भूटान की सबसे बड़ी पन बिजली परियोजना है।

## C. गंगा नदी

**15. निम्नलिखित में से कौन-सी एक नदी भारतीय गंगा नदी बेसिन का हिस्सा नहीं है?**

(a) पुनपुन नदी (b) अजय नदी
(c) जलांगी नदी (d) जोंक नदी

**UPPSC (Pre) 2021**

**Ans. (d) :** जोंक नदी भारतीय गंगा नदी बेसिन का हिस्सा नही हैं। यह महानदी की सहायक नदी है इसका उद्‌गम सोनबेरा पठार (ओडिशा) से है। इसका प्रवाह क्षेत्र ओडिशा के नुआपाड़ा और बरगढ़ जिला तथा छत्तीसगढ़ में महासमुंद तथा बलौदाबाजार के क्षेत्र है। अन्य पुनपुन नदी, अजय नदी तथा जलांगी नदी गंगा नदी बेसिन का हिस्सा है।

**16. विष्णु प्रयाग निम्नलिखित में से किन नदियों के संगम पर स्थित है?**

(a) धौली गंगा और गंगा
(b) धौली गंगा और अलकनंदा
(c) धौली गंगा और ऋषि गंगा
(d) अलकनंदा और ऋषि गंगा

**UPPSC ACF/RFO 2021 Paper-I**
**UPPSC Vetting Officer 2020**

**Ans. (b) :** विष्णु प्रयाग, धौली गंगा व अलकनंदा नदियों के संगम पर स्थित है। अलकनंदा की उत्पत्ति सतोपंथ तथा भागीरथ खरक नामक हिमनदों से होती है। उल्लेखनीय है कि अलकनंदा ऋषिगंगा का मिलन बद्रीनाथ में होता है जो कि चमोली जिले में स्थित है। अलकनंदा नदी का प्राचीन नाम विष्णुगंगा है।

**17. सूची-I को सूची-II का मिलान कीजिए और नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये–**

| सूची-I (स्थल) | सूची-II (नदियों का संगम) |
|---|---|
| A. रुद्रप्रयाग | 1. भागीरथी - अलकनंदा |
| B. नन्द प्रयाग | 2. अलकनंदा - मंदाकिनी |
| C. कर्ण प्रयाग | 3. अलकनंदा - पिंडार |
| D. देव प्रयाग | 4. विष्णु गंगा - मंदाकिनी |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (b) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

**उत्तर- (*)** **UP RO/ARO (Pre) G.S. 2013**

**व्याख्या :** सही सुमेल इस प्रकार हैं–
देव प्रयाग – अलकनंदा+भागीरथी नदी का संगम स्थल है।
कर्ण प्रयाग – अलकनंदा+पिंडार नदी का संगम स्थल है।
रुद्र प्रयाग – अलकनंदा+मंदाकिनी नदी का संगम स्थल है।
नंद प्रयाग – अलकनंदा+नंदाकिनी नदी का संगम स्थल है।
प्रश्न के दिए हुए विकल्पों में विष्णु गंगा और मंदाकिनी का सुमेल सही नहीं है।

**18. निम्नलिखित कथनों का परीक्षण करें एवं नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुने -**

1. देव प्रयाग अलकनन्दा एवं भागीरथी नदी के संगम पर स्थित है।
2. रुद्र प्रयाग अलकनन्दा एवं मन्दाकिनी नदी के संगम पर अवस्थित है
3. अलकनन्दा नदी बद्रीनाथ से बहती है।
4. केदारनाथ आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित सबसे बड़ी पीठ के रूप में जाना जाता है।

**कूट :**

(a) 1, 2, 3 (b) 2, 3, 4
(c) 1, 2, 4 (d) 1, 2, 3 एवं 4

**उत्तर- (a)** **UP Lower (Pre) G.S. 2002**

**व्याख्या :** गंगा का आरम्भ भागीरथी व अलकनन्दा के रूप में होता है। अलकनन्दा की दो धाराएँ धौलीगंगा और विष्णुगंगा है जिनका संगम 'विष्णु प्रयाग' में होता है। आगे अपवाहित होते हुए 'कर्ण प्रयाग' में पिण्डार नदी व 'रुद्र प्रयाग' में मन्दाकिनी नदी अलकनन्दा से संगम करती है तथा 'देव प्रयाग' में भागीरथी व अलकनन्दा का संगम होता है जिसके पश्चात् इस संयुक्त धारा को 'गंगा' के नाम से जाना जाता है। भागीरथी का उद्गम गंगोत्री हिमनद के 'गोमुख' नामक स्थान से होता है। प्रसिद्ध बद्रीनाथ की घाटी जो हिन्दुओं का पवित्र तीर्थ स्थल है अलकनन्दा के तट पर स्थित है। केदारनाथ पीठ को आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित पीठों में शामिल नहीं किया गया है। अतः शंकराचार्य द्वारा भारत के चारों दिशाओं में स्थापित चार पीठें निम्न हैं–

1. बद्रीनाथ (उत्तराखण्ड) – उत्तर दिशा
2. द्वारका (गुजरात) – पश्चिम दिशा
3. जगन्नाथ (ओडिशा) – पूर्व दिशा
4. श्रृंगेरी (कर्नाटक) – दक्षिण दिशा

**19. निम्नलिखित में से किस नदी के तट पर बद्रीनाथ का प्रसिद्ध मंदिर स्थित है?**

(a) अलकनन्दा (b) भागीरथी
(c) मन्दाकिनी (d) गंगा

**उत्तर-(a)** **UP RO/ARO (Pre) G.S. 2013**

**व्याख्या :** अलकनन्दा नदी के तट पर बद्रीनाथ और मंदाकिनी नदी के तट पर केदारनाथ धाम स्थित है। अलकनंदा और मंदाकिनी नदी का संगम रुद्रप्रयाग में होता है।

**20. निम्नलिखित में से किस स्थान पर भागीरथी एवं अलकनन्दा नदियाँ परस्पर मिलकर गंगा का निर्माण करती है?**

(a) हरिद्वार (b) ऋषिकेश
(c) देव प्रयाग (d) कर्ण प्रयाग

**UPPSC AE G.S.- 2013**

**Ans. (c) :** भागीरथी और अलकनन्दा नदियाँ देव प्रयाग में मिलकर गंगा का निर्माण करती है। जबकि पिण्डार और अलकनंदा का कर्ण प्रयाग तथा अलकनंदा और मंदाकिनी का रुद्र प्रयाग में संगम होता है।

21. निम्नलिखित स्थानों में से कहाँ पर भागीरथी एवं अलकनन्दा नदियाँ मिलती हैं?
(a) देव प्रयाग (b) कर्ण प्रयाग
(c) विष्णु प्रयाग (d) रुद्र प्रयाग
उत्तर-(a) UPPCS (Main) G.S. 2016

**व्याख्या :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

22. इनमें से कौन सी नदी गंगा की सहायक नदी है?
(a) सोन (b) बेतवा
(c) केन (d) चंबल
UP PSC COMPUTER ASSISTANT 2019

**Ans. (a) :** सोन नदी अमरकंटक की पहाड़ी से निकलकर मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश तथा बिहार में बहती हुई पटना (बिहार) में गंगा में समाहित हो जाती है। इस नदी के रेत में सोने के कण पाये जाने के कारण इसे ''स्वर्ण नदी'' की संज्ञा से अभिहित किया जाता है।

23. कोसी नदी का स्त्रोत स्थित है
(a) माउंट एवरेस्ट के उत्तर में
(b) माउंट एवरेस्ट के दक्षिण में
(c) धौलागिरी श्रेणी के दक्षिण में
(d) अन्नपूर्णा श्रेणी के दक्षिण में
UPPSC Unani Medical Officer-2018

**Ans. (a) :** कोसी नदी नेपाल में माउण्ट एवरेस्ट के उत्तर से निकलती है। इसे बिहार का शोक कहा जाता है। कोसी नदी गंगा की सहायक नदी है।

24. फरक्का के बाद गंगा नदी की प्रमुख धारा का नाम जाना जाता है
(a) पद्मा (b) स्वर्ण रेखा
(c) भागीरथी (d) हुगली
UPPSC GIC-2012

**Ans : (a)** गंगा नदी राजमहल पहाड़ियों के नजदीक फरक्का बैराज के नीचे दक्षिण-पूर्व दिशा में मुड़कर बांग्लादेश में प्रवेश करती है जहाँ इसे पद्मा के नाम से जाना जाता है।

25. निम्नलिखित में से गंगा की कौन-सी सहायक नदी के पास उत्तरी धारा है।
(a) घाघरा (b) रामगंगा
(c) गण्डक (d) सोन
UPPSC A.E. GS-2007 (I)

**Ans. (d) :** गंगा की सहायक सोन नदी के पास उत्तरी धारा है। सोन नदी का उद्गम मैकाल पर्वत के अमरकंटक नामक पठारी भाग से है। यह मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश तथा बिहार में बहती हुई पटना में गंगा नदी में मिल जाती है।

26. निम्नलिखित में से कौन सोन नदी का वास्तविक उद्गम स्त्रोत है?
(a) शहडोल जिले में अमरकंटक
(b) शहडोल जिले में सोनमुड़ा
(c) बिलासपुर जिले में सोन बच्छरवार
(d) मंडला पठार
उत्तर-(a) UPPCS (Mains) G.S. Ist Paper 2007

**व्याख्या :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

27. निम्नलिखित में से किस नदी का जल ग्रहण क्षेत्र सर्वाधिक है?
(a) महानन्दा (b) सोन
(c) रामगंगा (d) गंडक
UPPSC RO/ARO Mains 2017

**Ans. (b) :** विकल्प में दी गई नदियों में सोन नदी का जल ग्रहण क्षेत्र सर्वाधिक है। सोन नदी अमरकंटक पहाड़ी से निकलकर उत्तर की ओर मध्य प्रदेश में बहने के बाद उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में बहती हुई बिहार में प्रवेश कर जाती है और पटना के निकट गंगा में मिल जाती है। इसकी लम्बाई 780 किमी. है। कान्हार, गोपत, रिहन्द, उत्तरी कोयल आदि इसकी सहायक नदियाँ हैं।

28. गंगा नदी उदाहरण है –
(a) पूर्ववर्ती अपवाह का (b) अनुवर्ती अपवाह का
(c) अक्रमवर्ती अपवाह का (d) परवर्ती अपवाह का
उत्तर-(a) UP RO/ARO (Pre) G.S. 2013

**व्याख्या :** हिमालय से उद्गमित सभी नदियाँ पूर्ववर्ती अपवाह का उदाहरण हैं। अपरदन के कारण इनके द्वारा गार्ज, महाखड्ड का निर्माण किया जाता है। ऐसी नदियाँ हैं–सिंधु, सतलज, गंगा और ब्रह्मपुत्र।

29. निम्न नदियों में से कौन अपने मार्ग में परिवर्तन करने के लिए कुख्यात है?
(a) गंगा (b) कोसी
(c) दामोदर (d) गोमती
उत्तर-(b) UP RO/ARO (Pre) G.S. 2013

**व्याख्या :** कोसी नदी नेपाल में हिमालय के गोसाईथान शिखर से निकलती है और बिहार में भीम नगर के रास्ते से भारत में प्रवेश करती है। यह नदी अपने मार्ग में परिवर्तन करने के लिए कुख्यात है तथा इसमें आने वाली बाढ़ से बिहार में बहुत तबाही होती है। जिससे इस नदी को 'बिहार का शोक' कहा जाता है।

30. निम्न में से किस नदी के तट पर गोरखपुर स्थित है?
(a) घाघरा (b) गण्डक
(c) राप्ती (d) सरयू
उत्तर-(c) UP RO/ARO (M) G.S. 2013

**व्याख्या :** गोरखपुर राप्ती नदी के तट पर स्थित है। राप्ती नदी का उद्गम स्थल नेपाल है जो निचली पर्वतश्रेणियों के प्यूथान नगर के उत्तर से निकलती है। यह देवरिया जिले के समीप घाघरा नदी में मिल जाती है। इसकी लम्बाई 420 किमी. हैं, यह उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर और सिद्धार्थ नगर से होकर बहती है।

31. गंगा नदी की एक मात्र सहायक नदी जिसका उद्गम मैदान में है, को चिह्नित करिए-
(a) सोन (b) शारदा अथवा सरयू
(c) गोमती (d) रामगंगा
उत्तर-(c) UP Lower (Pre) 2008

**व्याख्या :** गोमती गंगा की एक ऐसी सहायक नदी है। जो उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जनपद से निकलती है तथा यह लखनऊ, सुल्तानपुर, जौनपुर होते हुए गाजीपुर के पास कैंथी नामक स्थान पर गंगा नदीं में मिल जाती है।

**32. निम्नलिखित में से कौन सी नदी ज्वार बनाती है?**

(a) महानदी (b) हुगली

(c) गोदावरी (d) कावेरी

**उत्तर-(b)** **UPPCS (Pre) Opt. Geog. 2008**

**व्याख्या :** हुगली नदी पश्चिम बंगाल राज्य में स्थित है। यह गंगा की एक धारा है जो कोलकाता को बंगाल की खाड़ी से जोड़ती है। बंगाल की खाड़ी का माध्य समुद्र तल (M.S.L.) और हुगली नदी का तल लगभग समान होने के कारण जब बंगाल की खाड़ी में उच्च ज्वार की स्थिति बनती है तो उसका असर हुगली नदी पर भी होता है, जिस कारण हुगली नदी का जल स्तर ऊपर उठ जाता है और मालवाहक जहाजों के आवागमन में सहायता प्रदान करता है।

## D. यमुना नदी

**33. यमुना नदी की निम्नलिखित सहायक नदियों के पश्चिम से पूर्व क्रम पर विचार कीजिए।**

**1. बेतवा** **2. केन**

**3. सिन्ध** **4. चम्बल**

**नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए।**

**कूट :**

(a) 4, 3, 1 और 2 (b) 1 ,2 , 3 और 4

(c) 3, 2, 1 और 4 (d) 2, 3, 1 और 4

**UP PSC (Pre) 2020**

**Ans. (a) :** यमुना नदी यमुनोत्री से निकलती हैं एवं प्रयागराज में गंगा नदी में मिल जाती है। इसकी सहायक नदियों का पश्चिम से पूर्व क्रम इस प्रकार है। चम्बल $\rightarrow$ सिन्ध $\rightarrow$ बेतवा $\rightarrow$ केन।

**34. कथन (A) :** दिल्ली और आगरा के मध्य वर्ष के अधिकांश समय में यमुना नदी मृत हो जाती है।

**कारण (R) :** यमुना असतत वाहिनी नदी है।

**नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए :**

**कूट :**

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।

(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

**उत्तर-(c)** **UPPCS (Pre) G.S. 2015**

**व्याख्या :** यमुना नदी का उद्‌गम स्थल हिमालय के हिमाच्छादित श्रेणी बंदरपूँछ के निकट यमुनोत्री हिमानी से है। यह गंगा की सबसे बड़ी सहायक नदी है। इसकी कुल लम्बाई 1376 किमी. और बेसिन क्षेत्र 3,66,223 वर्ग किमी. है। इसकी बाँयीं तरफ से सहायक नदियाँ टोंस, हिंडन, और दाहिनी तरफ से सहायक नदियाँ चम्बल, बेतवा, केन व सिन्ध हैं। ध्यातव्य हो कि दिल्ली और आगरा के मध्य वर्ष के अधिकांश समय में यमुना नदी के मृत हो जाने का कारण प्रदूषण है।

**35. बेतवा नदी मिलती है –**

(a) गंगा से (b) यमुना से

(c) ब्रह्मपुत्र से (d) सोन से

**उत्तर-(b)** **UP RO/ARO (Pre) G.S. 2014**

**व्याख्या :** बेतवा नदी मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में विन्ध्य पर्वत श्रेणी से उद्‌गमित होती है। इसकी लम्बाई 480 किमी. है। यह हमीरपुर (उ. प्र.) में आकर यमुना में मिल जाती है। यमुना की अन्य सहायक नदियाँ केन व चम्बल हैं।

**36. निम्नांकित में से कौन सरिता-समूह मालवा पठार को विच्छेदित करता है?**

(a) चम्बल, काली सिंध, पार्वती, क्षिप्रा

(b) सिंध, बेतवा, धसान, केन

(c) चम्बल, बेतवा, बीना, केन

(d) सिंध, कालीसिंध, पार्वती, बीना

**उत्तर-(c)** **UPPCS (Pre) Opt. Geog. 2010**

**व्याख्या :** चम्बल, बेतवा, बीना एवं केन सरिता समूह मालवा पठार को विच्छेदित करती हैं। मालवा का पठार अरावली और विन्ध्य शृंखलाओं के मध्य स्थित एक लावा निर्मित पठार है। मालवा पठार की लम्बाई 530 वर्ग किमी. तथा चौड़ाई 390 किमी. है। जो प्रायद्वीपीय पठार के 150000 वर्ग किमी. क्षेत्र पर विस्तृत है।

## E. नर्मदा नदी

**37. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी घाटी (बेसिन) क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ी है?**

(a) कावेरी (b) नर्मदा

(c) महानदी (d) ताप्ती

**UPPSC RO/ARO (Mains) 2021**

**UPPSC (Pre) 2022**

**Ans. (c) :** राष्ट्रीय जल आयोग के अनुसार, महानदी का अपवाह-क्षेत्र 141589 वर्ग किमी. है। महानदी का उद्गम फरसिया गाँव, रायपुर जिला, छत्तीसगढ़ से होता है। छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखण्ड मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्य में इसका विस्तार है। कावेरी नदी का अपवाह-क्षेत्र 87,900 वर्ग किमी. है। नर्मदा नदी का अपवाह-क्षेत्र 98795 वर्ग किमी है। ताप्ती नदी का अपवाह-क्षेत्र 65145 वर्ग किमी है।

**38. निम्नलिखित में से कौन-सी भारतीय नदी का युग्म भ्रंश घाटी से होकर बहती है?**

(a) सरयू एवं गंडक (b) कावेरी एवं गोदावरी

(c) नर्मदा एवं तापी (d) गंगा एवं कोसी

**UPPSC ACF/RFO 2021 Paper-I**

**Ans. (c) :** नर्मदा एवं ताप्ती नदी का युग्म भ्रंश घाटी से होकर बहता है। नर्मदा नदी का उद्गम मैकाल पर्वत की अमरकंटक चोटी से है यह नदी मध्य प्रदेश, गुजरात तथा महाराष्ट्र से होकर बहती हैं अरब सागर में गिरने वाली प्रायद्वीपीय भारत की, नर्मदा सबसे बड़ी नदी है।

ताप्ती नदी मध्य प्रदेश के बैतूल जिले के मुल्ताई नामक स्थान के सतपुड़ा श्रेणी से निकलती है। यह महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश तथा गुजरात से होकर बहती है। यह सतपुड़ा तथा अजंता पर्वतों के बीच भ्रंश घाटी में प्रवाहित होती हुई खम्भात की खाड़ी में गिरती है।

**39. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है।**

**अभिकथन (A) : नर्मदा नदी अपने मुहाने पर डेल्टा का निर्माण करती है।**

**कारण (R) : यह एक भ्रंश घाटी से बहती है।**

**नीचे दिये गये कूटों में से सही उत्तर चुनिये :**

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R),(A) की सही व्याख्या करता है
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R),(A) की सही व्याख्या नहीं करता है
(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है
(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है

**UPPSC GDC 2021**
**UPPCS (Main) G.S. I^st 2005**

**Ans. (d) :** नर्मदा नदी अपने मुहाने पर एश्चुरी का निर्माण करती है न कि डेल्टा का निर्माण। नर्मदा नदी भ्रंश घाटी से बहती है। नर्मदा नदी का उद्भव अमरकंटक पठार से होता है तथा यह भारत की पश्चिमवाहिनी नदियों में सब से प्रमुख है। इस प्रकार कारण सही है, परन्तु कथन गलत है।

**40. निम्न नदियों में से कौन 'रिफ्ट घाटी' से होकर बहती है?**

(a) नर्मदा (b) गंगा
(c) ब्रह्मपुत्र (d) कृष्णा

**UPPSC AE G.S.-2011, 2008**
**UPPCS (Pre) GS, 2010**

**Ans. (a) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**41. नर्मदा एवं ताप्ती नदियों के मध्य स्थित है —**

(a) विन्ध्य पर्वत (b) सतपुड़ा श्रेणियाँ
(c) राजमहल पहाड़ियाँ (d) अरावली पहाड़ियाँ

**उत्तर-(b)** **UPPCS (Pre) G.S. 2007**
**UPPCS (Main) G.S. Ist Paper 2008**

**व्याख्या :** नर्मदा और ताप्ती नदियों के मध्य सतपुड़ा पर्वत श्रेणी का विस्तार है। यह पर्वत श्रेणी पश्चिम में राजपीपला पहाड़ियों से प्रारम्भ होकर महादेव और मैकाल पहाड़ियों के रूप में छोटा नागपुर पठार के पश्चिमी सीमा तक विस्तृत है। नर्मदा नदी अमरकंटक के पठार से निकलती है। नर्मदा नदी कुछ प्रभावशाली महाखड्डों से होकर गुजरती है, जिसमें सबसे भव्य है जबलपुर के निकट 'धुंआधार जलप्रपात'। जबलपुर से पश्चिम की ओर बढ़ते हुए यह नदी विन्ध्य तथा सतपुड़ा पर्वत श्रेणियों के बीच एक भ्रंश घाटी (Rift Valley) से होकर गुजरती है। इस नदी की घाटी में समृद्ध जलोढ़ निक्षेप होते हैं अन्ततः यह भरूच से आगे चौड़ी हो जाती है तथा एक 27 किमी. चौड़ा मुहाना (estuary) बनाकर खम्भात की खाड़ी (अरब सागर) में गिर जाती है। इसी प्रकार ताप्ती नदी मध्य प्रदेश के बैतूल जिले के मुल्ताई नामक स्थान से निकलती है। सतपुड़ा एवं अजंता पर्वत श्रेणियों के मध्य पूर्व से पश्चिम की ओर भ्रंश घाटी (Rift Valley) में प्रवाहित होती है। सूरत शहर के नीचे यह एक मुहाना (tidal estuary) बनाती है तथा खम्भात की खाड़ी में (अरब सागर) गिरती है।

**42. नर्मदा तथा तापी नदियों द्वारा घिरे हैं-**

(a) विन्ध्य पर्वत (b) सतपुड़ा पहाड़ियां
(c) राजमहल पहाड़ियां (d) अरावली पर्वत

**उत्तर-(b)** **UPPCS (Pre) G.S. 2002**

**व्याख्या :** प्रश्नानुसार उत्तर से दक्षिण पर्वतों एवं नदियों का क्रम भारत में इस प्रकार है- विन्ध्य पर्वत, नर्मदा नदी, सतपुड़ा पहाड़ियां, तापी नदी। अतः स्पष्ट है कि सतपुड़ा पर्वत श्रेणी नर्मदा तथा तापी नदियों के मध्य है।

**43. निम्नलिखित में से कौन नर्मदा और तापी नदियों के बीच जल विभाजक का निर्माण करती है।**

(a) अजन्ता श्रेणी (b) मैकाल श्रेणी
(c) बालाघाट श्रेणी (d) सतपुड़ा श्रेणी

**UPPCS Tax Inspector-2003**

**Ans. (d)** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**44. भारत में भ्रंशन घाटी में बहने वाली नदी है —**

(a) महानदी (b) नर्मदा
(c) कावेरी (d) स्वर्णरेखा

**उत्तर-(b)** **UPPCS (Pre) Opt. Geog. 2004, 2007**
**UPPSC AE G.S.-2007**
**UPPSC (Pre) Opt. Geog. 2009, 2010**

**व्याख्या :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**45. निम्नलिखित में से कौन नदी ज्वारनदमुख बनाती है-**

(a) गोदावरी (b) नर्मदा
(c) कृष्णा (d) कावेरी

**उत्तर-(b)** **UPPCS (Pre) G.S. 2003**

**व्याख्या :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**46. नर्मदा प्रवाहित होती है -**

(a) सतपुड़ा श्रेणी और विन्ध्य श्रेणी के मध्य से
(b) सतपुड़ा श्रेणी और अजन्ता श्रेणी के मध्य से
(c) पहाड़ियों और विन्ध्य श्रेणी के बीच से
(d) महादेव पहाड़ियों और मैकाल श्रेणी के बीच से

**उत्तर-(a)** **UPPCS (Main) G.S. I^st 2006**

**व्याख्या :** उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**47. निम्न पश्चिम वाहिनी नदियों में से कौन दो पर्वत श्रेणियों के बीच बहती है?**

(a) शरावती नदी (b) माही नदी
(c) नर्मदा नदी (d) साबरमती नदी

**UPPSC AE G.S.- 2011**
**UPPCS (Pre) GS, 2012**

**Ans. (c) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

## F. ताप्ती/तापी नदी

**48. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी मुल्ताई के पवित्र तालाब (टैंक) से निकलती है?**

(a) महानदी (b) नर्मदा
(c) सोन (d) ताप्ती

**UPPSC GDC 2021**

**Ans. (d) :** ताप्ती नदी मध्य प्रदेश के बैतुल जिले के मुल्ताई नामक स्थान के निकट सतपुड़ा श्रेणी से निकलती है तथा इसी श्रेणी के समानान्तर 724km की लम्बाई में पश्चिम की ओर प्रवाहित होती हुई खम्भात की खाड़ी में जा कर मिल जाती है। यह सतपुड़ा तथा अजंता पर्वतों के मध्य भ्रंश घाटी में प्रवाहित होती है। इसकी प्रमुख सहायक नदी पूर्णा है।

**49. भारत की निम्नलिखित नदियों में कौन पश्चिमी घाट से नहीं निकलती है?**

(a) गोदावरी (b) ताप्ती/तापी
(c) कावेरी (d) कबाम

**उत्तर-(b)** **UPPCS (Pre) 2018**

**व्याख्या :** ताप्ती मध्य प्रदेश के मुल्ताई नामक स्थान के पास सतपुड़ा श्रेणी से निकलती है और भ्रंश घाटी में प्रवाहित होते हुए खम्भात की खाड़ी में मिल जाती है जबकि गोदावरी पश्चिमी घाट में स्थित त्रयंबकेश्वर (महाराष्ट्र) पहाड़ी से निकलती है और बंगाल की खाड़ी में गिरती है। कावेरी ब्रह्मगिरी (कर्नाटक) पहाड़ी से निकल कर बंगाल की खाड़ी में गिरती है। अत: स्पष्ट है कि ताप्ती नदी पश्चिमी घाट से नहीं निकलती है।

**50. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**कथन (A) :** प्रायद्वीपीय भारत की केवल दो प्रमुख नदियाँ हैं-- नर्मदा एवं ताप्ती, जो अरब सागर में गिरती हैं।

**कारण (R) :** ये नदियाँ भ्रंश-जनित हैं।

**नीचे दिये गये गए कूट से सही उत्तर चुनिए–**

**कूट :**

(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A, की सही व्याख्या करता है
(b) A और R दोनों सही हैं परन्तु R, A, की सही व्याख्या नहीं करता है
(c) A सही है परन्तु R गलत है
(d) A गलत है परन्तु R सही है

**उत्तर-(a)** **UPPCS (Pre.) G.S. 1999**

**व्याख्या :** हिमालयी नदी तंत्र की तुलना में प्रायद्वीपीय नदी तंत्र अधिक पुराना है। हिमालय के उत्थान के समय नर्मदा और ताप्ती नदियाँ भ्रंश घाटियों में बहती हैं। भ्रंश घाटी में बहने के कारण ही सामान्य ढाल के विपरीत पश्चिम की ओर प्रवाहित होकर खम्भात की खाड़ी अरब सागर में गिरती है।

**51. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी भ्रंश घाटी से होकर प्रवाहित होती है?**

(a) तापी/ ताप्ती (b) कृष्णा
(c) महानदी (d) गोदावरी

**UP RO/ARO (Pre) G.S. 2013**
**UPPCS Rajkeeya Pravakta Pariksha 2017**

**Ans : (a)** ताप्ती नदी भ्रंश घाटी से होकर प्रवाहित होने वाली पश्चिम भारत की नदी है। यह मध्य प्रदेश के बैतूल जिले के मुल्ताई पहाड़ी से निकलकर सतपुड़ा पर्वत तथा अजन्ता पर्वत श्रेणियों के मध्य से पश्चिम की ओर बहती हुई महाराष्ट्र के खानदेश के पठार एवं सूरत के मैदान को पार करती है और अरब सागर में गिरती है। यह भारत की उन नदियों में सम्मिलित है जो पूर्व से पश्चिम की ओर बहती है एवं एश्चुअरी बनाती है।

**52. निम्नलिखित भारतीय नदियों में से कौन एश्चुअरी (Estuary) बनाती है?**

(a) गोदावरी (b) कावेरी
(c) ताप्ती (d) महानदी

**उत्तर- (c)** **UPPCS (Pre) G.S. 2006**

**व्याख्या :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**53. निम्न मे अरब सागर में गिरने वाली नदी कौन है–**

(a) गोदावरी (b) ताप्ती
(c) कृष्णा (d) महानदी

**उत्तर-(b)** **UPPCS (Pre) G.S. 1992**

**व्याख्या :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**54. निम्नलिखित में से किस नदी का उद्‌गम मैकाल श्रेणी में नहीं है-**

(a) नर्मदा (b) तापी
(c) सोन (d) महानदी

**उत्तर-(b)** **UPPCS (Pre) G.S. 2003**

**व्याख्या :** मैकाल श्रेणी से उत्तर पूर्व की ओर सोन नदी, दक्षिण-पूर्व की ओर महानदी तथा पश्चिम की ओर नर्मदा नदी निकलती है जबकि ताप्ती नदी सतपुड़ा श्रेणी से निकलती है।

## G. गोदावरी नदी

**55. निम्न नदियों में से किसका सर्वाधिक बड़ा जलग्रहण क्षेत्र है?**

(a) नर्मदा (b) महानदी
(c) गोदावरी (d) कृष्णा

**उत्तर-(c)** **UPPCS (Pre) G.S. 2009**

**व्याख्या :** गोदावरी नदी, नासिक जिले (महाराष्ट्र) के द. पश्चिम में 64 किमी. दूर स्थित त्र्यम्बकेश्वर नामक स्थान की एक पहाड़ी से निकलती है। इस नदी की कुल लम्बाई 1465 किमी. तथा जलग्रहण क्षेत्र 313812 वर्ग किमी. है। इसे वृद्धगंगा भी कहा जाता है। जबकि कृष्णा, महानदी एवं नर्मदा की लम्बाई क्रमशः 1401, 851 एवं 1312 किमी. है। जबकि जलग्रहण क्षेत्र क्रमशः 2,58,948 वर्ग किमी., 1,41,589 वर्ग किमी. तथा 98,796 वर्ग किमी. है। गोदावरी भारत की सबसे लम्बी प्रायद्वीपीय नदी है।

**56. भारत की सबसे लम्बी प्रायद्वीपीय नदी है–**

(a) नर्मदा (b) गोदावरी
(c) महानदी (d) कृष्णा

**उत्तर-(b)** **UP RO/ARO (M) G.S. 2014**

**व्याख्या :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।